# झारखण्ड देखो
# Jharkhand Dekho
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

Digital Edition

www.jharkhanddekho.com | वर्ष 01 • अंक 203 • दुमका • शनिवार, 31 जुलाई 2021 • पृष्ठ 6 | Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com





सतन आश्रम ट्रस्ट, धधकिया द्वारा संचालित

सतन आश्रम रामगोपाल शर्मा

गुरुकुलम

आपके बच्चों का उज्जवल भविष्य

नए सत्र में नवम् एवं दशम् वर्ग शुरू हो रहा है।

कक्षा - बाल वर्ग से अष्टम् वर्ग तक

माध्यम - हिन्दी एवं अंग्रेजी

(सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम)

कम्प्यूटर | मध्यान भोजन | प्रयोगशाला

फिनलैंड एवं भारतीय संस्कृति के माध्यम से अनुभवी शिक्षक द्वारा पढ़ाई की व्यवस्था

सत्र 2020-21 के लिए नामांकन प्रारंभ है।



• स्थान : सतन आश्रम, रामगोपाल शर्मा, धधकिया • सम्पर्क नं. - 8409399342, 7903712653 • www.rgsgurukulam.com


## संक्षिप्त समाचार

### मनी लॉन्ड्रिंग केस : देशमुख की गिरफ्तारी संभव

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख और उनके बेटे ऋषिकेश देशमुख के खिलाफ ताजा सम्मन जारी किया है। यह सम्मन मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ के लिए जारी किया गया है। ईडी ने दोनों को सोमवार तक पेश होने के लिए कहा है। अनिल देशमुख ने सुप्रीम कोर्ट में गिरफ्तारी से बचने के लिए गुहार लगाई थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने भी उन्हें राहत देने से इंकार कर दिया। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी 72 वर्षीय एनसीपी नेता को ईडी तीन बार सम्मन भेज चुकी है। लेकिन हर बार वह इस एजेंसी के सामने पेश होने से बचते रहे हैं। उनके बेटे और पत्नी को भी पूछताछ के लिए बुलाया जा चुका है, लेकिन यह दोनों भी सुनवाई के लिए उपस्थित नहीं हुए हैं। अनिल देशमुख को यह यह सम्मन महाराष्ट्र पुलिस में 100 करोड़ की घूस रैकेट चलाने के मामले

### सुविचार

एक समय में एक ही काम करो और पूरी निष्ठां और लगन से करो बाकि सब कुछ भुला दो

● **विवेकानंद**

### गुड मॉर्निंग

संता - बचपन में मां की बात सुनी होती, तो आज यह दिन नहीं देखना पड़ता।
जज - क्या कहती थी मां...?
संता - जब बात ही नहीं सुनी तो कैसे बताऊं क्या कहती थी...!!!

### बिजनेस

**सेंसेक्स**

52,586.84–66.23 (0.13%)

**निफ्टी**

15,763.05–15.40 (0.098%)

### दैनिक पंचांग

तिथिः अष्टमी - पूर्ण रात्रि तक
नक्षत्रः अश्विनी - 04:38 पी एम तक
योगः शूल - 09:02 पी एम तक
करणः बालव - 06:45 पी एम तक
पक्षः कृष्ण पक्ष
वारः शनिवार

# झारखंड अनलॉक : नौवीं से 12वीं तक स्कूल व कोचिंग खुलेंगे

**रांची/एजेंसी।**

झारखंड शनिवार से अनलॉक हो जाएगा। स्कूलों में नौवीं से 12वीं तक की कक्षाएं शुरू होंगी। हालांकि इसका समय 4 घंटे यानी दोपहर 12 बजे तक होगा। यूजी और पीजी की अंतिम वर्ष की कक्षाएं भी लगेंगी। लेकिन अन्य कक्षाओं की पढ़ाई ऑनलाइन जारी रहेंगी। कॉलेज आने वाले छात्रों को एक टीका लेना अनिवार्य है। सरकार ने रविवार को लॉकडाउन को भी खत्म कर दिया है।

अब रविवार को सब्जी, फल, किराना, रेस्तरां और खाने-पीने की सामग्री वाली दुकानें खुलेंगी। अन्य बंद रहेंगी। सिनेमा हॉल, बार, मल्टीप्लेक्स, क्लब और रेस्तरां भी 50% क्षमता के साथ खुलेंगे। विवाह और अन्य समारोहों के लिए खुली जगह में 100 लोग शामिल हो सकेंगे। यह निर्णय शुक्रवार को सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य आपदा प्रबंधन की बैठक में लिया गया। नई व्यवस्था शनिवार से लागू होगी।

» आईटीआई और पॉलिटेक्निक कॉलेज भी खुलेंगे

आईटीआई, कौशल विकास केंद्र, पॉलिटेक्निक कॉलेज भी खुलेंगे। ऑनलाइन पढ़ाई भी जारी रहेगी। 18 वर्ष से ऊपर के विद्यार्थियों के लिए भी कोचिंग संस्थाएं खुलेंगी। लेकिन शर्त होगी कि छात्रों और शिक्षकों को एक टीका ले लेना अनिवार्य होगा। कमरे में 50% क्षमता के साथ ही कोचिंग क्लास चलेगी। कॉलेज, शैक्षणिक व कोचिंग के शिक्षकों, कर्मियों व छात्रों का समय-समय पर कोविड टेस्ट कराया जाएगा।





● **अब सभी स्थानों के लिए चलेंगी बसें, दूसरे राज्यों से आने-जानेवालों को ई-पास की जरूरत नहीं**

अंतरराज्यीय बस परिवहन की अनुमति दी गई है। इससे अब झारखंड से दूसरे राज्यों के लिए बसें चलेंगी। राज्य के भीतर बसों के संचालन की पहले ही अनुमति दे दी गई थी। अब दूसरे राज्यों से आने-जाने वालों को ई-पास की जरूरत नहीं होगी। राज्य के अंदर आने-जाने के लिए ई-पास पहले ही खत्म कर दी गई थी।

» राज्य व केंद्र की परीक्षाएं होंगी

राज्य-केंद्र सरकार की संस्थाओं की परीक्षाएं होंगी। राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा की भी अनुमति दी गयी है। कॉलेजों में यूजी-पीजी की अंतिम वर्ष की परीक्षाएं भी होंगी। इनपर रोक हटा ली गई है।

» ये प्रतिबंध जारी रहेंगे

झारखंड में धार्मिक स्थल श्रद्धालुओं के लिए अभी भी बंद रहेंगे। जुलूस पर रोक जारी रहेगी। अभी मेला और प्रदर्शनी भी नहीं ला सकेंगे। स्वीमिंग पूल भी बंद रहेंगे। सार्वजनिक स्थल पर मास्क पहनना और सामाजिक दूरी बनाए रखना लोगों के लिए अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने वालों पर आपदा प्रबंधन एक्ट के तहत सजा भी दी सकती है।

» शादी–विवाह में खुली जगह पर 100 लोग भाग ले सकेंगे

शादी-विवाह और अन्य समारोहों में अधिकतम 20 लोगों के उपस्थित रहने की बाध्यता भी खत्म कर दी गई है। अब खुली जगह में होने वाले समारोह में 100 लोग और बंद जगह पर क्षमता से 50 प्रतिशत लोग हिस्सा ले सकेंगे।

## चेचक की तरह फैलेगा डेल्टा!

**नई दिल्ली/एजेंसी**

कोरोना वायरस के डेल्टा वैरिएंट को लेकर परेशान करने वाली खबर सामने आई है। अमेरिकी स्टडी में खुलासा हुआ है कि कोरोना का यह वैरिएंट चिकन पॉक्स यानी चेचक की तरह लोगों में तेजी से फैल सकता है। अमेरिका के रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र की यह स्टडी अभी पब्लिश नहीं हुई है, लेकिन न्यूयॉर्क टाइम्स में इसका एक डॉक्युमेंट छपा है। कोरोना वायरस के दूसरे वैरिएंट्स की तुलना में डेल्टा वैरिएंट ज्यादा

**वैक्सीन लगवा चुके लोग भी हो सकते हैं संक्रमित**

संक्रामक है और वङ में कोरोना के 99 फीसद केस डेल्टा वैरिएंट की वजह से ही सामने आए हैं। वायरस पर की गई स्टडी में चिंताजनक बात ये भी है कि वैक्सीन की दोनों डोज लगवा चुके लोग भी वैक्सीन न लगवाने वालों की तरह ही डेल्टा वैरिएंट को फैला सकते हैं। सीडीसी के डायरेक्टर डॉ. रोशेल पी वालेंस्की ने बताया कि वैक्सीनेशन करा चुके लोगों की नाक और गले में उतना ही वायरस होता है।


Unique Id: JH/2021/0276302

SAICARE FOUNDATION

• Helping • Healing • Caring

We Always Believe To Help You In Any Way

Registered Add: Raj Bhawan, Office No: 02, Station Road, Latehar, Jharkhand - 829207

Corporate Add: Rajdhani Green Garden Parking, Nalanda Colony, Khajpura, Bailey Road, Patna – 800014

+91-9975800608, +91- 98253 10450, +91-9973578177 & +31-626703632

Web: www.saicarefoundation.com Email: saicareworld@gmail.com

THE VALUABLE OPPORTUNITY TO MAKE BUSINESS PERFECT

Admission Guidence

MBBS PHARMACY NURSING DIP. ENG (BIT MESRA) B.TECH
MBA LLB GRADUATION MASTERS PARA MEDICAL

Contact for any type of career and business consulancy & counselling

Private Ltd. Company. Registration
One Person Company. Registration
Sole Propietorship Registration
Startup India Registration
Partnership Firm Registration
US Incorporation Registration
UK Incorporation Registration
Dubai Incorporation Registration

Digital Signature
ISO Certification
MSME/SSI
FSSAI
IEC
EPF/ESI
GST
Trade Mark
& Many More....

Call Us: +91 8789416227

Time : 10:00 am to 2:00 pm


## सीमा विवादः हिमंत बिस्वा के खिलाफ केस दर्ज

**गुवाहाटी।** असम-मिजोरम सीमा विवाद को लेकर दोनों सरकार आमने सामने हैं। सीमा पर हिंसक झड़प को लेकर दोनों राज्यों में तनाव जारी है। वहीं , असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ आएआईआर दर्ज की गई है। मिजोरम पुलिस ने मुख्यमंत्री बिस्वा सरमा के खिलाफ हत्या की साजिश रचने के आरोप में केस दर्ज किया है। इसके अलावा मिजोरम के 6 अन्य अधिकारियों पर भी मामला दर्ज कर किया गया है।

वहीं मिजोरम ने असम पर आरोप लगाया कि सीमा विवाद की शुरुआत असम से हुई है। असम की ओर से पहली फायरिंग की गई , जिसके बाद मिजोरम पुलिस ने जवाब दिया।

## दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री बोम्मई, पीएम से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

कर्नाटक के नवनियुक्त मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद बोम्मई का राष्ट्रीय राजधानी का यह पहला दौरा होगा।

बोम्मई गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से भी मुलाकात कर सकते हैं। पूर्ववर्ती बी एस येदियुरप्पा के इस्तीफे के बाद बोम्मई मंगलवार को भाजपा विधायक दल के नए नेता चुने गए थे और उन्होंने बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।



मंत्रिमंडल विस्तार में कुछ और समय लगने का संकेत देते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बृहस्पतिवार को राज्य में कहा था कि वह आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के साथ चर्चा करने के बाद निर्णय लेंगे।


## आवश्यकता



झारखण्ड की उपराजधानी दुमका से संचालित 'झारखण्ड देखो' डिजिटल ईपेपर के लिए झारखण्ड के सभी ज़िलों से संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

संपर्क करें -9955599136


## कई राज्यों में झमाझम बारिश

# यूपी-एमपी सहित कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

मानसून की सक्रियता से देशभर में लगातार बारिश हो रही है। कहीं तेज बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति बन गई है तो कहीं बादल फटने से जनधन का नुकसान हुआ है। वहीं मौसम विभाग ने एक अगस्त तक भारत के पूर्वी, पश्चिमी और मध्य भागों में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। बिहार में कई इलाकों में तेज बारिश हुई, वहीं यूपी में भी कई जगहों पर जमकर बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में भी बारिश की संभावना है। वहीं,



उत्तर प्रदेश में भी बारिश की प्रबल संभावना है।

आईएमडी ने उत्तर प्रदेश के कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के हमीरपुर, महोबा, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर समेत कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

## दो दिन की बारिश में जुलाई का मॉनसून का कोटा पूरा, अपार्टमेंट में पानी भरा

रांची/एजेंसी। मॉनसून की बारिश अब कहर बरपाने लगी है। रांची सहित राज्य में पिछले दो दिनों से मूसलाधार बारिश हो रही है। इससे राजधानी की हालत भी खराब हो गई है। शुक्रवार को रांची के अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड़ पर स्थित एकलव्य अपार्टमेंट में इतना जलभराव हुआ कि पार्किंग में लगी गाड़ियां डूब गईं। राजधानी के अपार्टमेंट में पहली बार इतना पानी भरा है। दो दिन में ही इतना पानी बरसा कि जुलाई का कोटा पूरा हो गया। पूर्वानुमान : मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य के ऊपर निम्न दबाव बना हुआ है, इसलिए बारिश हो रही है। शनिवार को संथाल परगना में बारिश के आसार है। बारिश के कारण सभी तालाब और डैम लबालब हो गए हैं। शुक्रवार को नामकुम प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि बिरसा पाहन का भांजा भीम मुंडा तालाब में डूब गया। वहीं हटिया के आबेरिया रोड स्थित स्वर्णरेखा नदी का पुल पार करते समय सुभाष हेंब्रम पानी में बह गया।




# उपायुक्त ने किया आरबीएसके की समीक्षात्मक बैठक

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

**दुमका ।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में आरबीएसके (रष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) स्पेशल आईडेंटिफिकेशन एंड स्क्रीनिंग ड्राइव जो दिनांक 26जुलाई से प्रारंभ होकर 1अगस्त तक चलायी जानी है. की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में 29 जुलाई तक किए गए कुल 1694 स्क्रीनिंग के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। ज्ञात हो कि जिले में कुल 19 आरबीएसके हैं जो जिले के विभिन्न प्रखंडों में पदस्थापित है। स्क्रीनिंग में 0 से 18 उम्र के बच्चों को देखा गया। जिनमें 0-3 वर्ष के 302, 3-6 वर्ष के 307 तथा 6 से 18 वर्ष के 1085 बच्चे थे।समुचित इलाज सीएचसी एवं फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया जाना है।



आरबीएसके के तहत 4 तरह के से बच्चों चिन्हित किया जाता है। जिनमें जन्म के समय से किसी प्रकार की कमी हो, शारीरिक विकास नहीं होना, शरीर में पोषक तत्वों की कमी या किसी बीमारी से ग्रसित.

चार भागों में वर्गीकरण कर कुल 33 तरह की बीमारियों का स्क्रीनिंग किया जाना है। बच्चों के बीमारी के समुचित इलाज के लिए राज्य सरकार द्वारा चिन्हित अस्पतालों में भेजकर इलाज किया जाता है।

इसके लिए उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि आरबीएसके के तहत गाइडलाइन का पालन करते हुए सभी चिन्हित बच्चों का समुचित इलाज किया जाए।आरबीएसके के नोडल पदाधिकारी डॉ रमेश को निर्देश दिया गया कि आरबीएसके के सफल संचालन हेतु उपायुक्त के हस्ताक्षर से सभी चिकित्सकों को अपने कार्य क्षेत्र में एएनएम एमपीडब्ल्यू और सहिया के सहयोग से कार्य को पूरा किया जाय। घर घर जाकर 0 से 18 वर्ष के सभी योग्य बच्चों की स्क्रीनिंग कर सूची तैयार करें। मेडिकल ऑफिसर अपने माइक्रो प्लान के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर इन बच्चों की स्क्रीनिंग करें तथा चिकित्सक उचित अस्पताल में इलाज की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। बैठक में आरबीएसके के तहत गाड़ी हेतु एक बजट का भी निर्धारण किया गया।

बैठक में बीआरसीएचओ डॉ रमेश कुमार, आरबीएस के नोडल डॉ रिजवान अंसारी, डॉ मकसूद आलम डॉ दीनबंधु रक्षित डॉक्टर विकास कुमार डॉक्टर नीरज डॉ पुष्पा मरांडी डॉक्टर जागृति कुमारी डॉ अभिषेक कुमार एवं अन्य डॉक्टर मौजूद थे।

## बासुकी अगरबत्ती के संबंध में उपायुक्त ने की बैठक

- बासुकी अगरबत्ती के निर्माण में लगी दीदियों को प्रशिक्षण देने का दिया निर्देश



(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

**दुमका ।** उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त की अध्यक्षता में जेएसएलपीएस के साथ बैठक किया गया। बैठक में विशेष रूप से बासुकीनाथ धाम में अर्पित बेलपत्र एवं पुष्प से निर्मित बासुकी अगरबती के कार्यप्रगति पर चर्चा किया गया। उपायुक्त के द्वारा अगरबत्ती निर्माण से जुड़े विषय में जानकारी ली गयी। समीक्षा बैठक के दौरान निर्माण कार्य में आ रही परेशानियों को दूर करने को कहा। निर्माण कार्य हेतु जरूरी तकनीकी सहायता देने के लिए और बासुकी अगरबती उत्पादक संघ की दीदियों को प्रशिक्षण देने हेतु आरएसईटीआई (रूरल सेल्फ एंप्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट)को निर्देश दिया गया।बैठक में जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबन्धक आशियानी मारकी, डीएम स्किल भोलेनाथ, बीपीएम बरूण शर्मा बीपीओ कृपाल झा, एफटीएस शंकर तिवारी, सीसी सीमा सोरेन मौजूद थे।

## एकलव्य मॉडल आवासीय बालिका विद्यालय, काठीजोरिया का शत प्रतिशत रिजल्ट

- 80 प्रतिशत अंक लेकर बबीता टुडू बनी विद्यालय की टॉपर
- साईंस में 47 और आर्टस में 23 छात्राएं प्रथम श्रेणी से पास

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

**दुमका।** इंटरमिडिएट परीक्षा (12वीं) 2021 में एकलव्य मॉडल आवासीय बालिका विद्यालय, काठीजोरिया की शत प्रतिशत छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है। यह लगातार 14 वा वर्ष है जब एकलव्य मॉडल विद्यालय काठीजोरिया की शत प्रतिशत छात्राएं 12वी की परीक्षा में सफल रही हैं। लेफ्टिनेंट सुमिता सिंह ने बताया कि 12वीं की परीक्षा 2021 में स्कूल की विज्ञान में 62 और कला में 27 छात्राएं शामिल हुई थी जिनमें से सभी छात्राएं पास हो गयी हैं। इनमें से 399 अंक (80 प्रतिशत) लेकर बबीता टुडू विद्यालय की टॉपर रही हैं। 386 अंक लेकर अंकिता हेम्ब्रम दूसरे और 383 अंक लाकर अनिशा हेम्ब्रम तीसरे स्थान पर रही है। 12वीं के विज्ञान की परीक्षा में 47 छात्राएं प्रथम श्रेणी से और 15 द्वितीय श्रेणी से पास हुई हैं। 12वीं कला की परीक्षा में 23 छात्राएं प्रथम और 4 छात्राएं द्वितीय श्रेणी से पास हुई हैं। छात्राओं के शत प्रतिषत सफलता पर स्कूल की प्राचार्या श्रीमती करूणा शर्मा ने छात्राओं के साथ ही उनके अभिभावकों और स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी है। स्कूल के शिक्षक सुखमती सोनार, रिंकी ठाकुर, जहान्वी, सुजाता झा, पुष्पलता झा, संजीता मराण्डी, मरियम, रंजु कुमारी, अनादी गोराई, डीपी गुप्ता, रजनीश कुमार और नीतेश कुमार आदि ने 12वीं की परीक्षा में विद्यालय के बेहतर रिजल्ट पर छात्राओं को बधाई दी है।








- **एकलव्य विद्यालय की टॉप 10 छात्राएं**

1. बबीता टुडू - 399
2. अंकिता हेम्ब्रम - 386
3. अनिशा हेम्ब्रम - 383
4. स्वाती कुमारी - 381
5. किरण सोरेन - 365
6. सुमिता किस्कु - 358
7. सुरजमुनी मुर्मू - 357
7. गीतांजली मराण्डी - 357
8. मालती टुडू - 355
9. मनीषा हांसदा - 354
10. स्टेनशीला टुडू - 353

## भारी बारिश से मुख्य मार्ग पर गिरा वर्षों पुराना पीपल का वृक्ष, घंटो आवागमन बाधित



(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

**दुमका ।** शिकारीपाड़ा क्षेत्र अंतर्गत दुमका रामपुरहाट मुख्य मार्ग पर पताबाड़ी के समीप एक वर्षों पुराना विशाल पीपल का वृक्ष भारी वर्षा के कारण मुख्य सड़क पर गिर गया था जिसके कारण दुमका रामपुरहाट मुख्य मार्ग कई घंटों तक जाम रहा और दोनों तरफ से आवागमन बाधित रहा। काफ़ी मशक्कत के बाद मुख्य मार्ग से वृक्ष की डालियां काटकर हटाए जाने के बाद आवागमन पुनः प्रारंभ हुआ। वही गुरुवार शाम से हो रही भारी बारिश के कारण जन जीवन अस्त ब्यस्त हो गया और भारी बारिश के कारण पालतू जानवरों के लिए चारा की समस्या हो गई है. बताते चलें कि लगातार हो रही बारिश से सुबह से बिजली भी गुल है, बिजली ना रहने के कारण लोगों को काफी समस्या हो रही है.

## गलत नियत से छेड़छाड़ करने एवं हाथ पकड़ कर खींचने के आरोप में मामला दर्ज

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

**दुमका ।** जामा थाना क्षेत्र के अमलाचातर गांव की रहने वाले मीना देवी ने अपने ही गांव के बिमल राय के खिलाफ गलत नियत से हाथ पकड़ कर जबरन खींच कर ले जाने एवं बदसलूकी करने को लेकर गुरुवार को जामा थाना में मामला दर्ज कराया है। पीड़िता ने थाना में दिया आवेदन में बताया है कि 29 जुलाई गुरुवार को गांव के खेत तरफ शौच के लिए गई हुई थी। तभी गांव के ही बिमल राय ने मुझे अकेला देखकर गलत नियत से हाथ पकड़कर बदसलूकी करने की नियत से हाथ पकड़ कर जबरदस्ती ले जाने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने गाली गलौज करने लगा और मारपीट पर उतारू हो गया। तभी मै हल्ला करने लगी। हल्ला सुनकर गांव के कुछ लोग दौड़ कर आए जिसे देखकर आरोपी भाग खड़ा हुआ वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के बयान पर मामला दर्ज कर लिया गया है पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी की तलाश में है और मामले की छानबीन की जा रही है।

# अभी भी समय है हेमंत सरकार चेत जाए: डॉ लुईस मरांडी

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

**दुमका ।** उपराजधानी में तय कार्यक्रम के तहत शुक्रवार के दिन से भाजपा की दुमका इकाई के पांच दिवसीय सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत हो गई। खराब मौसम के बावजूद पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता शहर के फूलोझानो चौक पर धरना पर बैठ गए। कार्यक्रम के पहले दिन पूर्व मंत्री अमर बाउरी और रणधीर सिंह भी धरना में शामिल हुए। पूर्व मंत्री ने दुमका जिला में भ्रष्टाचार, अवैध खनन और परिवहन के साथ-साथ तमाम तरह के गैर कानूनी कार्य का आरोप लगाया हैं। पूर्व मंत्री ने प्रशासन पर मूकदर्शक बने रहने का आरोप भी लगाया है। इसके पूर्व भाजपा नेताओं ने प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपकर 10 दिनों के अंदर तमाम तरह के अनैतिक कार्यों पर अंकुश लगाने की मांग की थी, लेकिन समय सीमा बीत जाने के बावजूद जब शासन और प्रशासन की ओर से इन कार्यों को रोकने के लिए कोई पहल नहीं हुई तो 30 जुलाई से 3 अगस्त तक उन्होंने सत्याग्रह आंदोलन की घोषणा की और आज इसकी शुरुआत हो गई। पांच दिनों तक चलने वाले इस आंदोलन में प्रखंड से लेकर राज्य स्तर के पार्टी नेता और पदाधिकारी शामिल होंगे। धरना प्रदर्शन के दौरान अपने संबोधन में डॉ लुईस मरांडी ने कहा कि जनहित के मुद्दे को लेकर भाजपा शुरू से ही प्रखर रही है। उन्होंने कहा कि अभी भी समय है हेमंत सरकार चेत जाए।




## संक्षिप्त समाचार

### बीडीओ ने लिया टीकाकरण शिविर का जायजा



**दुमका । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** झमाझम हो रही बारिश के बीच स्वास्थ्य कर्मी एएनएम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रियंका खेस ने शुक्रवार को गोबिंदपुर पंचयात भवन में शिविर लगाकर कोरोना का टीकाकरण किया हैं। एएनएम मिनाती दास ने 18 प्लस आयुबर्ग के 81 लोगो को वैक्सीन दिया है .45 प्लस आयुबर्ग के 9 लोगों को प्रथम डोज एवं दस लोग को दूसरे डोज का वैक्सीन दिया हैं। मौके पर रानीश्वर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू ने गोबिंदपुर पंहुच कर टीकाकरण शिविर का जायजा लिया हैं।

### साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन



**दुमका । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** उपायुक्त ने अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जिसमें जिला के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत होते हुए उसका निष्पादन कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि संबंधित लोग अपनी समस्याओं व शिकायतों को जनता दरबार में उपस्थित होकर उपायुक्त के समक्ष रख सकते हैं। जनता दरबार के दौरान कोरोना महामारी को देखते हुए सभी लोगों के हाथों को सैनिटाइज करने के अलावा सामाजिक दूरी का विशेष ख्याल रखा गया।

### मनरेगा के 12 ग्राम जनसेवकों को किया गया इधर से उधर

**दुमका । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** रानीश्वर में ग्राम रोजगार सेवक के पद पर विभिन्न पंचायतों में पदस्थापित 12 रोजगार सेवको को अन्य पंचायतो में पदस्थापित किया गया हैं। रोजगार सेवक रसीद इमाम को आसनबनी एवं हरिपुर पंचयात से महलबोना एवं पाथरा पंचायत में पदस्थापित किया गया हैं। रोजगार सेवक अशोक कुमार ठाकुर को बांसकुली से सालतला एवं रांगालिया पंचयात, निर्मल साधु को गोबिंदपुर से सुखजोड़, सुनील हांसदा को बिलकांदी एवं बृन्दाबानी से आसनबनी एवं हरिपुर, प्रकाश मंडल को सादीपुर से बांसकुली मनीलाल मुर्मू को धानभाषा से सादीपुर गोविंद माझी को पाटजोड़ एवंकुमिरदहा से धानभाषा नरेश मुर्मू को तालडांगाल से गोबिंदपुर जगबंधु मंडल को महुलबोना एवं पाथरा से बृन्दाबानी एवं बिलकांदी सूर्योधन टुडू को रांगालिया एवं सालतला से पाटजोड़ कुमिरदहा, संदीप गोराई को दखिनजोल से तालडांगाल एवं प्रितम भारती को सुखजोड़ा से दखिनजोल स्थान्तरित किया है।

### समाज की मुख्यधारा से जुड़ कर देश की उन्नति में सहयोग करें

**दुमका । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** बाल सुधार गृह, दुमका के चार किशोर वर्ष 2020 -2021 की मैट्रिक परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से तीन किशोर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए तथा इनमें से एक किशोर डिस्टिंक्शन से उत्तीर्णता हासिल की। विदित हो कि ये किशोर विधि विवादित मामले में संप्रेक्षण गृह, दुमका में किशोर न्याय बोर्ड दुमका, देवघर व साहेबगंज से आवासित कराए गए हैं। किशोरों की इस सफलता पर किशोरों के माता-पिता के साथ-साथ संप्रेक्षण गृह, दुमका के कर्मियों ने किशोरों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। किशोरों ने बताया कि उनकी सफलता के पीछे गृह के शिक्षक श्री अरविंद कुमार साह एवं सुमित कुमार गुप्ता का मार्गदर्शन और मेहनत एवं गृहपति अब्दुल गफ्फार का सहयोग रहा। अधीक्षक संप्रेक्षण गृह, दुमका अनीता कुजूर ने बताया कि गृह में संसीमित सभी किशोरों में कुछ ना कुछ हुनर है। गृह में आवासन के दौरान इनका निरंतर काउंसलिंग की जाती है और यह उनसभी बच्चो का कड़ी मेहनत और लगन का नतीजा है जिसका सार्थक परिणाम आज सबके सामने है। अधीक्षक द्वारा भी इन किशोरों का उत्साहवर्धन किया गया एवं उच्चशिक्षा हेतु प्रेरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र ने किशोरों को बधाई देते हुए कहा कि संप्रेक्षण गृह से जाने के बाद वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ कर देश की उन्नति में सहयोग करें।

### हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ बीजेपी का 120 घंटे का सत्याग्रह शुरू




**दुमका । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की हेमंत सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। झारखंड की उपराजधानी दुमका के फूलो झानो चौक में दुमका सहित पूरे संथाल परगना में अवैध गतिविधियों एवं कारोबार और गिरती विधि व्यवस्था के खिलाफ पूर्व मंत्री एवं बीजेपी नेत्री डॉ लुईस मरांडी के नेतृत्व में 120 घंटे का सत्याग्रह कार्यकम शुरू हुआ। कार्यक्रम में पार्टी के चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी एवं सारठ विधायक रणधीर सिंह ने भी भाग लिया। शुक्रवार को 120 घंटे के सत्याग्रह कार्यक्रम की शुरुआत फूलों - झानों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

मौके पर जिलाध्यक्ष निवास मंडल, सुरेश मुर्मू, परितोष सोरेन, धर्मेंद्र सिंह, गौरवकांत, नीतू झा, कुणाल झा, अमित रक्षित, मुकेश अग्रवाल आदि मौजूद थे।






## संक्षिप्त समाचार

### सुकन्या योजना के लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश

**पाकुड़।** पाकुड़िया प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित आंगनवाड़ी सभागार भवन में शुक्रवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता पर्यवेक्षिका अगाथा हांसदा ने की। इस दौरान बैठक में उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओं को कन्यादान योजना के लाभुकों से आवेदन लेकर निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने का कड़ा निर्देश दिया गया। साथ ही सेविकाओं को पोषण ट्रैकर एप्स के माध्यम से लाभुकों का ऑनलाइन इंट्री कराने का निर्देश दिया गया। वहीं सुकन्या योजना के लाभुकों का आवेदन लेकर निर्धारित लक्ष्य को समय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका मंदोदरी देवी, चित्रलेखा कुमारी सहित सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद थे।

### कपड़ा दुकान का उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक केदार हाजरा

**जमुआ/गिरिडीह।** जमुआ प्रखंड के कोदमबरी में शुक्रवार को ओम गारमेंट्स प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में बतौर अतिथि जमुआ विधायक केदार हाजरा एवं भाजपा उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा उपस्थित थे. मौके पर अतिथियों के द्वारा फीता काटकर विधिवत दुकान का उद्घाटन किया गया। इस दौरान बातचीत करते हुए कहा विधायक श्री हाजरा ने कहा कि 15 अगस्त के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिबुडीह का उद्घाटन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि जमुआ विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर बहाल कर दिया गया है और जहां भी नहीं हुआ है वहां भी जल्द कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोदमबरी मंडरो एवं कोदमबरी चिकनाडीह मुख्य मार्ग को जल्द ही मरम्त कराया जाएगा. मोके पर रामकृष्ण वर्मा, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, नामधारी शर्मा, संतोष वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### स्कूल संस्था द्वारा कोविड काल में पीड़ित परिवारों को दिया गया राशन कीट

**गिरिडीह।** स्कूल संस्था की ओर से गरीब असहाय लोगों की सूची तैयार कर उनके बीच राशन किट वितरण किया गया। राशन किट वितरण कार्यक्रम में 17 नम्बर वार्ड के वार्ड प्रतिनिधि, समाजसेवी हबलू गुप्ता और पोषण सखी शीला देवी मौजूद रही। मौके पर वार्ड प्रतिनिधि ने कहा कि वैसे लोगों का चयन इस वितरण कार्यक्रम में शामिल किया गया है जो अति गरीब असहाय और जरूरतमंद है। साथ ही उन्होंने कहा कि लोगों को कोरोना का टीका लेना चाहिए और मास्क भी पहनना जरूरी है। साथ ही समय-समय पर हाथ धोते रहना चाहिए। कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए यूनिसेफ, स्कूल, और चेतना विकास की ओर से कलस्टर ऑर्डिनेटर पुष्पा शक्ति ने कहा कि गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र मैं चिन्हित कर जिस प्रकार से असहाय बुजुर्ग लोगों को राशन वितरण किया जा रहा है, उसी प्रकार से अन्य प्रखंड जैसे तिसरी, डुमरी और पीरटांड़ तीसरी मैं भी जनहित में किया जा रहा है।उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि तीसरी में प्रखंड समन्वयक रोहित भारती मुकेश कुमार और सुरेंद्र मिस्त्री द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। जिसमें उनके साथ प्रखंड समन्वयक विलियम जेकब की निगरानी में यह कार्यक्रम किया जा रहा है।

### लेदा मवि में प्रबन्धन सह सरस्वती वाहिनी समिति का गठन राजेश बने अध्यक्ष

**लेदा/गिरिडीह।** सदर प्रखंड के लेदा स्थित मध्य विद्यालय लेदा में विद्यालय प्रबंधन समिति सह सरस्वती वाहिनी समिति का पुनर्गठन किया गया। समिति पुनर्गठन के लिए लेदा संकुल भवन में एक आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा मे विद्यालय पोषक क्षेत्र के सभी गणमान्य लोंगो ने भाग लिया। आम सभा की अध्यक्षता लेदा के पूर्व मुखिया बासुदेव नारायण सिंह के की गई। समिति गठन हेतु प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा नियुक्त शिक्षक जागेश्वर महथा के निर्देशानुसार उपस्थित ग्रामीणों द्वारा सर्व प्रथम बारह सदस्यों की चयन की गई। सदस्यों की चयन के उपरांत उक्त चयनिय सदस्यों द्वारा निर्विरोध रूप से राजेश कुमार दास को विद्यालय प्रबंधन समिति सह सरस्वती वाहिनी समिति का अध्यक्ष चुना गया। वही सरिता देवी को उपाध्यक्ष एवं आशा देवी को संयोजिका तथा कुसुम देवी, कुंती देवी, रेखा देवी, मंजू देवी सूर्यदेव ठाकुर, कार्तिक साव, बिनोद पांडेय, देवनंदन पांडेय, देवर्षि पांडेय को सदस्य के पद पर चयनित किया गया। अध्यक्ष पद पर चयनित राजेश कुमार दास ने कहा कि मैं इस पद की गरिमा को बनाये रखने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा साथ ही विद्यालय में पढ़ने वाले सभी बच्चों को नियमित रूप से सरकार द्वारा मिलने वाली हर सुविधा को उपलब्ध कराउंगा। चयनित सभी सदस्यों तथा अभिभावकों का विद्यालय का सामान अधिकार होगा किसी भी समश्या का मैं समाधान करने के लिए तत्तपर रहूंगा। राजेश कुमार दास को विद्यालय की अध्यक्ष बनाये जाने से स्थानीय नरेश कुमार साव, अजित कुमार सोनू, अर्जुन शर्मा, महेंद्र ठाकुर, मोहन साव, प्रकाश दास, नरेंद्र दास, महेश दास, देवव्रत पांडेय, सविता देवी, रुकवा देवी, जीतन दास, शंकर तुरी, चंद्रशेखर दास, बीरेंद्र ठाकुर समेत समस्त ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।

# उपायुक्त वरुण रंजन एवं एसपी मणिलाल मंडल ने की स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर बैठक, दिया जरूरी दिशा निर्देश

## स्वतंत्रता दिवस के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम और फैंसी मैच नहीं

- **मुख्य कार्यक्रम स्थल पर सामाजिक दूरी का किया जाएगा पालन**
- **छात्र झ छात्राओं द्वारा नहीं निकाली जाएगी प्रभात फेरी, परेड में भी नहीं होंगे शामिल**





पाकुड़

कोरोना संक्रमण को देखते हुए स्वतंत्रता दिवस के दिन होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम और फैंसी मैच को रद्द कर दिया गया है। सर्वसहमति से सांस्कृति कार्यक्रम एवं फैंसी मैच के आयोजन को रद्द करने का निर्णय लिया गया। इस बार मैराथन दौड़ कार्यक्रम का भी आयोजन नहीं किया जाएगा। झंडोत्तोलन समारोह में भी कोविड - 19 के दिशा - निर्देशों का पालन करना होगा। शुक्रवार को उपायुक्त वरुण रंजन एवं पुलिस अधीक्षक मणिलाल मंडल की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर बैठक हुई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को स्वतंत्रता दिवस को लेकर भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देश से अवगत कराया गया। उपायुक्त ने कहा कि कोविड- 19 के बढ़ रहे मामलों को लेकर हमें और शतर्क रहने की जरूरत है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सामाजिक दूरी का पालन करते हुए मास्क पहनना अनिवार्य होगा। उन्होंने मुख्य समारोह स्थल रानी ज्योतिमर्य स्टेडियम समेत विभिन्न सरकारी कार्यालयों में झंडात्तोलन के दौरान संबंधित कार्यालय के कार्यालय प्रधान मास्क, सेनीटाइजर समेत अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे उन्होंने सभी झंडात्तोलन स्थलों पर सोशल डिस्टेंसिंग के लिए घेरा बनाने का भी निर्देश दिया। सर्व सहमति से कोविड 19 को देखते हुए नेताजी सुभाष चौक पर झंडात्तोलन कार्यक्रम का आयोजन नहीं करने का निर्णय लिया गया। मुख्य कार्यक्रम स्थल रानी ज्योतिर्मय स्टेडियम में इस बार छात्र झ छात्राओं की भागीदारी नहीं होगी उनके द्वारा पूर्व की तरह शहर के विभिन्न हिस्सों में प्रभात फेरी नहीं निकाली जाएगी और ना ही वह इस बार परेड में हिस्सा लेंगे स्वतंत्रता दिवस के परेड में इस बार केवल जिला पुलिस बल, होम गार्ड एवं के जवानों का प्लाटुन हिस्सा लेगा। परेड के दौरान भी मास्क एवं सोशल डिस्टैंसिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में गृह मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने को कहा गया। शहर की साफ झ सफाई को सुनिश्चित करने के लिए नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अरूण कुमार को जरूरी दिशा निर्देश दिया वहीं, सरकारी संस्थानों में झंडारोहण के लिए अन्य तैयारी को लेकर संबंधित विभागों को जरूरी दिशा निर्देश दिया गया।

### सर्व सहमति से मुख्य कार्यक्रम स्थल

रानी ज्योतिर्मयी स्टेडियम में पूर्वाह्न 09.00 बजे, समाहरणालय पाकुड़ पूर्वाह्न 10.00 बजे, जिला परिषद कार्यालय 10.25 बजे, पुलिस लाइन पाकुड़ 10.40 बजे, अनुमंडल कार्यालय पाकुड़ 11.00 बजे झंडारोहण होगा।

मौके पर उप विकास आयुक्त अनमोल कुमार सिंह, जिला वन पदाधिकारी रजनीश कुमार, सिविल सर्जन डा. रामदेव पासवान, अपर समाहर्ता श्रीमती मंजू रानी स्वांसी, आईटीडीए निर्देशक मो० शाहिद अख्तर, उप समाहर्ता सामान्य शाखा श्री लक्ष्मी नारायण किशोर, एसडीओ पंकज कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ० चंदन, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रमोद दास, डीएसई दुर्गानंद झा, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष गर्ग, मुख्यालय डीएसपी बैधनाथ प्रसाद, डीएसडब्ल्यूओ अंजु देवी, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, पाकुड़ बीडीओ मो० शफीक आलम, एसएमपीओ पवन कुमार समेत सभी थाना प्रभारी, पीआरडी कर्मी दिपाली साह, उदय लखमानी, अमलान कुसुम सिन्हा, रणवीर सिंह, रतन कुमार सिंह उर्फ पिंटू, शुभम पांडेय, सुरेश अग्रवाल, सुमन कुमार, ललित कुमार आदि उपस्थित थे.

# उपायुक्त ने समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गई



पाकुड़।

उपायुक्त वरुण रंजन की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गई। समीक्षा क्रम में निर्देश दिया कि वऊ्रए 02 दिनों के अन्दर सारे क्ल्र्ूंउ्न्न१२ की समीक्षा कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। इस क्रम में ईयर वाइज ब्लॉक वाइज ट्रांजिशन रेट को पूर्णता के साथ जाँच ले। व्हाट्सएप ग्रुप कक्षावार कितने छात्र व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े हैं। शत प्रतिशत विद्यालय द्वारा ग्रुप बनाया गया है कि नहीं, इसे सुनिश्चित करे। मोहल्ला क्लास का ड्यूरेशन 03 घंटे का होगा। तदनुसार एसओपी तैयार कर उपस्थापित करें। एसएससी प्राप्त गाइडलाइन के अनुरूप समयबद्ध रूप से एसएमसी गठन/पुनर्गठन सुनिश्चित करायें। मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना में शनिवार तक लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि से अवगत करायें। टेक्स्ट बुक विद्यालयवार कक्षावार अवशेष पुस्तक की समीक्षा कर वितरण कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

### प्रखंड में लगातार बरसात से नदियों का बढ़ा जलस्तर, आसपास के घरों में घुसा पानी

**पाकुड़।** फ्री मानसून के आगमन के साथ ही विगत 24 घंटों से हो रही लागतात बरसात से पाकुडिया प्रखंड की लाइफ लाइन माने जाने वाली तिर्पितिया, ब्रम्हाणी, पगला, बांडू आदि नदियों के जल स्तर में अत्याधिक बढ़ोतरी हुई है। प्रखंड क्षेत्र में विगत गुरुवार रात्रि से तेज व मध्यम गति की हवा के साथ रुक रुक कर झमाझम बारिश लगातार हो रही है। इस दौरान हुए बरसात के कारण प्रखंड के सभी नदियों के जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी देखी जा रही है। सुखी नदी में अचानक पानी आ जाने से नदी के दोनों किनारे बसे गांव के घरों को हल्की फुल्की क्षति भी हुई है। वही कृषि कार्य से जुड़े लोगों में बरसात से काफी उत्साह देखा जा रहा है। हालांकि दो दिनों की झमाझम बारिश से आम जनजीवन भी अस्त व्यस्त हो गया है। जहां गुरुवार को अधिकांश समय आसमान में घने काले बादल छाए रहे वहीं शुक्रवार को भी आसमान दिनभर काले बादलों से ढका रहा और पूरा दिन हल्की बारिश जारी रही। बरसात से पालतू पशुओं को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। समाचार प्रेषण तक बरसात जारी थी।

### बरसात से जनजीवन अस्त ब्यस्त, बिजली की स्थिति बिगड़ी

**पाकुड़।** पाकुडिया प्रखंड में गुरुवार देर रात्रि से लगातार बरस रहे मानसूनी बरसात से जनजीवन अस्त ब्यस्त हो चुका है। आसमान काले बादलों से ढंका पड़ा है। वहीं इस दौरान पूरे प्रखंड से बिजली भी नदारद है। ज्ञात हो कि बरसात के कारण सोलर चालित एवं बिजली चलित ग्रामीण पाइपलाइन जलापूर्ति योजना से विगत 16, 17 घंटों से पांच दर्जन से अधिक गांवों के हजारों लोगों को एक बूंद भी पानी नही मिल पाया है। लोग पानी के लिये त्राहि त्राहि कर रहे हैं लेकिन इसकी परवाह किसे है। सब स्टेशन के कर्मी सहित निचले स्तर के जिम्मेवार रहनुमाओं का फोन स्विच ऑफ है । ऐसे में लोग अपनी किस्मत का रोना रोने को मजबूर हैं। ज्ञात हो कि हाल के दिनों में बिजली की स्थिति यहां पूरी तरह से चरमरा गई है। लोगों को सप्ताह भर में बमुश्किल कुछ दिनों ही निर्बाध बिजली मिल पा रही है।

### मैट्रिक के परीक्षा में चंदन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और अपने माता-पिता का बढ़ाया मान

**अमड़ापाड़ा (पाकुड़)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी दसवीं बोर्ड की परीक्षा चंदन कुमार पंडित ने पूरे प्रखंड में 453 अंक 90.60 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। चंदन पंडित ने विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता का भी मान बढ़ाया है. चंदन पंडित ने बताया कि वे आगे की पढ़ाई कर इंजीनियर बन कर देश की सेवा करना चाहता है. अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और विद्यालय के गुरुजनों को दिया है. प्लस टू विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि चंदन कुमार के साथ साथ सभी सफल विद्यार्थियों ने विद्यालय का मान बढ़ाया है। मुस्कान प्रवीण ने भी दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम ऊंचा किया है।

### प्रखंड के क्षतिग्रस्त पुलिया बनी खतरनाक, रोज हो रहा है दुर्घटना, स्थानीय प्रशासन मौन

**पाकुड/संवाददाता।** पाकुडिया प्रखंड के सिदो कान्हू चौक से भगतपाड़ा होते हुए बाजार जाने वाली मुख्य बाईपास सड़क पर स्थित पुलिया के टूट जाने से जहां बड़ी गाडियों का परिचालन इस रास्ते पर दो महीनों से पूर्णतः बंद हो गया है। वहीं इस सड़क पर अब घटना दुर्घटना मानो आम बात हो गई है। शुक्रवार को एक तीन पहिया भुटभुटिया वाहन चालक बाईपास सड़क के किनारे से छड़ सीमेंट लेकर जाने की कोशिश कर रहा था इसी बीच टूटी पुलिया में अचानक भूटभूटिया का चक्का धंसकर घुस जाने से चालक आंशिक रूप से जख्मी हो गया। वहीं भुटभुटीया वाहन कई घंटों तक बरसात के बीच वहां फंसा रहा जिससे उसमें लदा सामान भी भींगकर बर्वाद हो गया जिससे हजारों का नुकसान भी हुवा। अंततः कड़ी मशक्कत के बाद कई ग्रामीणों के सहयोग से भुटभुटिया वाहन को टूटे पुलिया से बाहर निकाला गया। अगर यदि इस पुलिया के जीर्णोद्धार सह नवीनीकरण का कार्य जल्द प्रारंभ नहीं किया गया तो किसी न किसी दिन यहां कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है और इस दुर्घटना में किसी अंजान मासूम की जान भी जा सकती है। क्योंकि यह ऐसे जगह पर है जहां पुलिया रात के अंधेरे में ठीक से समझ भी नहीं आता है। ऐसे में टूटे चौकिसाल पुल की तरह यहां भी कोई भीषण घटना की तत्काल पुनरावृत्ति हो सकती है। बहरहाल अगर प्रखंड व जिला प्रशासन समय पर इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए इसे ठीक नही करवा देती है तो कभी भी यह टूटी पुलिया प्राणघातक साबित हो सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रखंड की यह सबसे पुरानी आरईओ सड़क होने के साथ ही वर्तमान में ब्यस्ततम मुख्य बाईपास सड़क बन चुकी है जिसमे हमेशा सैकड़ों छोटी बड़ी गाड़ियों का परिचालन होता रहता है। ग्रामीणों के मुताबिक टूटे हुए पुलिये के पास बड़ा सा गढ्ढा हो गया है। ऐसे में रात को किसी अनजान वाहन चालक के लिये यह गढ्ढा सीधे मौत का वारंट साबित हो सकता है। इसलिये इसकी अविलंब मरम्मती की सख्त जरूरत है। बहरहाल वर्तमान में यह टूटा पुलिया सरेराह किसी दुर्घटना को खुला निमंत्रण देता नजर आ रहा है।

### पुलिस अधीक्षक के निर्देश वाहन एवं मास्क जांच अभियान

**पाकुड़।** पुलिस अधीक्षक पाकुड मणिलाल मंडल के निर्देशानुसार शुक्रवार को पाकुड़िया प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में एएसआई मनदीप मेहता एवं जवानों की मौजूदगी में सघन वाहन जांच एवं मास्क जांच अभियान चलाया गया। मौके पर दो पहिया वाहन सवार लोगों को हेलमेट जरूर पहनने, मास्क लगाने एवं एक से ज्यादा वाहन में कतई सवार नहीं होने को लेकर भी जागरूक किया गया। वहीं जांच के दौरान जिनके पास वाहन से संबंधित कोई कागज, ड्राइविंग लाइसेंस, मास्क, इंस्योरेन्स आदि नहीं मिला वैसे गाड़ियों को रोककर रखा गया तथा कागज लाकर दिखाने के उपरांत ही हिदायत देकर उन्हें छोड़ा गया तथा मास्क बगल के दुकान से खरीद वा कर वाहन छोड़ा गया। वहीं रामघाटी, एवं चौकीसल्ला बस स्टैंड में भी आने जाने वाले वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान सभी दो पहिया, चार पहिया वाहनों का कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गई। पुलिस अधिकारी एएसआई श्री मेहता ने कहा कि ड्राइविंग के दौरान हेलमेट और मुंह पर मास्क लगाना अनिवार्य है। अन्यथा पकड़े जाने पर कार्यवाई की जायेगी। बहरहाल वाहन जांच अभियान की खबर सुनकर वाहन चालकों में हड़कंप का माहौल देखा गया।

# सीबीएसई 12 वीं के नतीजे घोषित, सौभिक दास 91% लाकर प्रथम स्थान

## केंद्रीय विद्यालय सिंगारसी के मनप्रीत कौर ने 409 अंक 81.8% अंक प्रथम स्थान प्राप्त

- **उत्कर्ष मुखर्जी 91% अभिजीत कुमार साहा 90.8% तीसरा स्थान प्राप्त कर जिला का नाम रौशन किया**
- **वाणिज्य संकाय में सूरज चौधरी ने 91% लाकर प्रथम स्थान प्राप्त, आशु अनामिका हेम्ब्रम ने 88% द्वितीय स्थान प्राप्त किया**












पाकुड़।

सीबीएसई 12वीं के छात्र छात्रों के इंतजार खत्म हो गया है। अब से कुछ ही देर पहले 2 बजे सीबीएसई ने 12वीं के नतीजे जारी कर दिए हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया है. बता दें कि कोरोना के बढ़ते मामलों के कारण सीबीएसई ने 12वीं की परीक्षा रद्द कर दी थी। जिसके बाद अब नतीजे जारी किए गए। डीएवी और केंद्रीय विद्यालय सिंगारसी ने प्राचार्य ने बताया कि परिणामों को लेकर सुबह से ही छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों में भारी उत्साह था। इस बार बच्चों का परिणाम बेहतर रहने की उम्मीद है। कोरोना के कारण इस बार सीबीएसई की परीक्षाएं आयोजित नहीं हो सकीं। छात्रों के पूर्व परीक्षा परिणाम के आधार पर 12वीं के परिणाम जारी किए जा रहे हैं। कोरोना संक्रमण के कारण इस वर्ष बच्चों का रिजल्ट बिना परीक्षा लिए जारी किया जा रहा है। इसमें स्कूलों के द्वारा इंटरनल एसेसमेंट के आधार पर रिजल्ट जारी किया जा रहा है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि 12वीं की परीक्षा में पास परसेंटेज पिछले वर्ष की अपेक्षा थोड़ा बेहतर होगा। इसके साथ ही ओवर ऑल परसेंट भी बढ़ने की संभावना है।

पाकुड़ जिले डीएवी विद्यालय के साइंस के छात्र सौभिक दास 91% लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है. उत्कर्ष मुखर्जी 91% अभिजीत कुमार साहा 90.8% लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है. मोइत्री अगस्ती, पलक सोनी, अलसा अंसार, आफरीन नाज, श्वेता साह, ज्योति कुमारी, अफ्शाना फिरदोस ने अपने विधालय का नाम रौशन किया है. वही वाणिज्य विषय में सूरज चौधरी ने 91% लाकर प्रथम स्थान प्राप्त, आशु अनामिका हेम्ब्रम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। नेना कुमारी तीसरा, सृष्टि चोबे चौथा और ×खुशी कुमारी चौधरी पांचवा स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता के साथ विद्यालय का नाम रौशन किया है. वही केंद्रीय विद्यालय सिंगारसी के मनप्रीत कौर ने 409 अंक 81.8% अंक प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रौशन किया है. कोरीना जयसवाल ने भी 81% अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है. केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य गिरीश कुमार एन ने बताया की मनप्रीत कौर ने विद्यालय का नाम रौशन किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा नीति में दूरदर्शी उद्देश्य से आरक्षण लाना एक महत्वपूर्ण कदम : राजकुमार राज

**गिरिडीह।** लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार राज ने जानकारी देते हुए तथा हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में स्नातक और स्नातकोत्तर में अखिल भारतीय कोटा योजना में ओबीसी वर्ग के लिए 27% आरक्षण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10% आरक्षण प्रदान करने के ऐतिहासिक निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करता हूँ। यह निर्णय हर वर्ग के लिए शिक्षा को अधिक जीवंत और सुलभ बनाने के साथ-साथ शिक्षा नीति के दूरदर्शी उद्देश्य को प्राप्त करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम हैं।
उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच इस बात को साबित करती है कि वह देश के युवाओं को कितना महत्व देते हैं खास करके उन युवाओं को जो गरीब तबके से आते हैं यह निर्णय सचमुच ऐतिहासिक निर्णय है और हमें पूरा उम्मीद है कि इस निर्णय से देश के शिक्षा नीति को एक नई ऊंचाई मिलेगी और हमारे युवाओं को एक नया बल मिलेगा।

### जिला तैलिक साहू सभा का एक शिष्टमंडल पचम्बा निवासी शंकर साहू से मिलकर बंधाया ढाड़स

**गिरिडीह।** जिला तैलिक साहू सभा का एक शिष्टमंडल पचम्बा निवासी शंकर साहू जिनकी पुत्री पूजा कुमारी ने 11 जुलाई को आत्महत्या कर ली थी के घर जाकर शोक संतृप्त परिवार को ढाढस बंधाया तथा इस बाबत जिला तैलिक साहू सभा ने पूर्ण सहयोग करने का वादा किया। ज्ञातव्य हो कि पचम्बा निवासी शंकर साहू के पुत्री पूजा कुमारी ने 11 जुलाई को आत्महत्या कर ली थी। उनके परिवार वाले ने एक व्यक्ति पर आत्महत्या के लिए बाध्य करने तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के लिए एफ आई आर किया है। इसलिए जिला साहू सभा जिला प्रशासन से मांग करती है कि इस कांड में त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पक्ष जांच कर जल्द से जल्द दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई किया जाए। अन्यथा जिला साहू सभा आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस शिष्टमंडल में जिला अध्यक्ष बाल गोविंद साहू (अधिवक्ता), महासचिव धर्म प्रकाश, संरक्षक गौरी शंकर साहू, उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू, संयुक्त सचिव प्रोफेसर मुकेश कुमार साहा सहित समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### प्रत्येक पंचायत में दर्जनों प्रतिनिधि एवं कर्मी के बावजूद वेक्सिनेशन को नही मिल रही गति

- **सरकारी कर्मियों व स्वयंसेवको के साथ जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल**

**गिरिडीह।** जमुआ प्रखण्ड के कुछेक पंचायतों के छोड़कर शेष पंचायतों में कोविड रोधी वेक्सिनेशन अभियान को गति नही मिल पा रही है।पंचायतों में मुखिया, प मुखिया, पन्स, ड सदस्य सहित डेढ़ दर्जन जनप्रतिनिधि कथित तौर पर सक्रिय हैं।इसके अलावे शिक्षक, हिया, जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, षण सखी, कृषक मित्र,स्वयं सेवक, राजस्व कर्मचारी, चायत सेवक व रोजगार सेवक जनता की बेहतरी के लिए कार्यरत हैं।इन सबके बावजूद कोविड रोधी वैक्सीन के खिलाफ आम लोगों में जो भ्रांति है वह दूर नही हो रही है।जानकारों की माने तो पी एम मोदी विरोधी लोग वैक्सीन को मोदी की चाल कहकर एक तीर से दो शिकार करना चाह रहे हैं।एक तो मोदी के विरोध में लोगों को खड़ा करना चाह रहे हैं दूसरी तरफ इस महत्वाकांक्षी योजना को सफल नही होने देना चाह रहे हैं।वेक्सिनेशन के विरोध में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग ज्यादा गोलबंद है।हालांकि इस समुदाय के बुद्धिजीवी एवं प्रगतिशील विचार के लोग वेक्सिनेशन के पक्ष में हैं। र इनकी संख्या बहुत कम है। स्लिम समुदाय के सामाजिक कार्यकर्ता व युवा लीडर फरिद आलम का कहना है कि वेक्सिनेशन निहायत जरूरी है। च्छे कार्य के विरोधी लोग इसका विरोध कर रहे हैं उन्हें समाज और राष्ट्र की बेहतरी से वास्ता नहीं।जन सन्गठन जन जन की आवाज़ के अवधेश सिंह पूर्व पसंस सुरेश बर्मा ने कहा जमुआ के बी डी ओ एवं प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी वेक्सिनेशन के लिए बहुत मेहनत कर रहे हैं पर जन विरोधी ताकतों के आगे ये बेबस नजर आने लगे हैं। से में सभी सामाजिक संगठनों को इसकी सफलता के लिए पूरी ताकत से लगना चाहिए।

### सांसद और विधायक को जन समस्याओं से कोई लेना-देना नही है: अशोक मिस्त्री

**गावां/गिरिडीह।** इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य अशोक मिस्त्री ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि क्षेत्र के सांसद अन्नपूर्णा देवी और विधायक बाबूलाल मरांडी को यहाँ के जन समस्याओं से किसी भी प्रकार का लेना देना नही है। प्रखंड और थाने में मनमानी चल रहा है और घूसखोरी चरम सीमा पर पहुँच गया है।
गावां में स्थाई रूप से बीडीओ, सीईओ नही है और सभी पदाधिकारी प्रभार पर चल रहे है। विधायक के अपने प्रखंड तिसरी में भी बीडीओ नही रहने के कारण से विकास कार्य ठप पड़ा है वही छात्रों का स्थानीय,जाति, आय जैसे प्रमाण पत्र के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे है। सीईओ नही रहने के कारण जमीन सम्बंधित मामले का निपटारा नही हो पाता है और विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच झगड़ा झंझट होने की नौबत आ जाती है जो क्षेत्र के लिए सही नही है।
जब से सांसद और विधायक जीत कर गए है तब से क्षेत्र की जनता असुरक्षित महसूस कर रहे है। इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से यहाँ के सरकार और सांसद, विधायक से मांग करते हुए उन्होंने कहा कि जल्द गावां और तिसरी में रिक्त पदाधिकारियों की पोस्टिंग हो ताकि क्षेत्र के जन समस्याओं से लोगो को राहत मिल सके। विधायक बाबूलाल मरांडी लम्बे समय के अंतराल में क्षेत्र में आते है और समस्याओं से अवगत हो कर पुनः राजधानी लौट जाते है और जनता के तकलीफो का निपटारा नही हो पाता है चीजे जस के तस रह जाती है। इससे पता चलता है कि यहाँ के सांसद और विधायक को जन सवालों से कोई लेना देना नही है।

### एडीजे उत्तम आनंद के परिवार से मिला कांग्रेस शिष्टमंडल

**हजारीबाग।** कांग्रेस पार्टी का एक शिष्टमंडल ने हजारीबाग शिवपुरी के निवासी धनबाद कोर्ट मे कार्यरत एडीजे उत्तम आन्नद के आकस्मिक निधन पर उनके निवास स्थान पर पहुंच कर उनके पिताजी सदानंद प्रसाद से मिलकर शोक प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष जवाहर सिन्हा ने इनकी म्रत्यु पर बहुत दुःख प्रकट किया इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष व जिला महासचिव मनोज नारायण भगत ने शोक प्रकट करते हुए इनके परिवार को दुख सहने की शक्ति ईश्वर दे। उत्तम आन्नद जी के निधन से हजारीबाग ने एक इंसाफ पसंद इंसान खो दिया है। इस अवसर पर बिनोद सिंह इंटक, उपेंद्र रॉय, कृष्णा किशोर प्रसाद, सुनील सिंह राठौर उपस्थित थे। इस अवसर पर कांग्रेस के विजय यादव,आबिद अंसारी, शैलेन्द्र यादव, सुरजीत नागवाल, दरोगा अंसारी, ज्ञानी मेहता डॉक्टर प्रकाश, रीतलाल मंडल, प्रकाश यादव, मनीषा टोप्पो, सीताराम यादव, डॉक्टर दीपक बंधु, डॉक्टर भैयाअसीम, बबलू कुशवाहा, रविन्द्र प्रताप सिंह,मुक्कू पासवान, सोनू वर्मा, मो खालिद, परवेज, गुड्डू सिंह, सूंदर ठाकुर आदि ने शोक व्यक्त किया ।

# लोगों को घर-घर जाकर टीकाकरण केन्द्र पर लाना सुनिश्चित करें

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)



**दुमका।** उपायुक्त के निदेशानुसार सदर प्रखण्ड दुमका अन्तर्गत बन्दरजोरी पंचायत के उमवि हरणाकुण्डी, आसनसोल पंचायत के मवि आसनसोल, दुधानी पंचायत के पंचायत भवन दुधानी, कुरूवा पंचायत के आश्रम स्कूल दुधानी, हरिपुर पंचायत के पंचायत भवन हरिपुर, बेहराबॉक पंचायत के पंचायत भवन, बेहराबॉक, रामपुर पंचायत के मवि काठीजोरिया और मवि कोदोखिचा, सरूवा पंचायत के स्वा उपकेन्द्र, करमडीह, केशियाबहाल पंचायत के मवि जामदली, मवि केशियाबहाल, पुराना दुमका पंचायत के प्राथि केवटपाड़ा, लखीकुण्डी पंचायत के मवि लखीकुण्डी में विशेष टीकाकरण शिविर लगाया गया।
जिसके लिए पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका, स्वंय सहायता समूह आदि द्वारा इन पंचायतों के ग्रामीणों के घर-घर जाकर लोगों को टीका लेने के लिए प्रेरित किया गया। जिसके फलस्वरूप आज कुल 545 व्यक्तियों के द्वारा टीका लिया गया। जिसमें प्रथम डोज 391 व्यक्तियों और द्वितीय डोज 154 व्यक्तियों द्वारा लिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी दुमका द्वारा बताया गया कि आज वर्षा के कारण लक्ष्य के अनुरूप टीकाकरण कम हुआ है, परन्तु कल पुनः 11 अन्य केन्द्रों, पंचायत भवन रानीबहाल, प्राथि झाझापाड़ा, म0वि0 मुड़जोड़ा, मवि खैरबनी, मवि बागनल, मवि खिजुरिया, प्राथि चौरकट्टा, आंगनबाड़ी केन्द्र डामरी, मवि पाराशिमला, मवि राखाबनी और प्राथि बाउरीपाड़ा में विशेष टीकाकरण शिविर लगाया जायेगा।
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, दुमका सदर द्वारा पंचायत भवन, दुधानी, उमवि हरणाकुण्डी, मवि लखीकुण्डी, पंचायत भवन बेहराबॉक और मवि काठीजोरिया, रामपुर टीकाकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। जहॉ पंचायत के पंचायत सचिव, सेविका/सहायिका/पोषणसखी, स्वास्थ्य सहिया और स्वंय सहायता समूह सहित अन्य स्थानीय व्यक्तियों को यह निदेश दिया गया कि अधिक से अधिक संख्या में टीका लेने के लिए लोगों को प्रेरित करें। विषेशकर ऐसे लोग जिनके द्वारा अभी तक समय होने के बावजूद कोविड-19 टीका का दूसरा डोज नहीं लिया गया है, वैसे लोगों को घर-घर जाकर टीकाकरण केन्द्र पर लाना सुनिश्चित करें।

## बिहार लोक सेवा आयोग में अपने प्रथम प्रयास में ही सफलता का परचम लहराया

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)



**दुमका।** मन में लगन हो, इच्छा शक्ति हो, दृढ़ विश्वास हो और सफलता का जूनून हो तो मेहनत बेकार नहीं जाती है। ईमानदारी और समर्पण भावना से की गई मेहनत के द्वारा लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। कुछ ऐसा ही कारनामा ग्राम- बरगो, प्रखण्ड- जरमुंडी जिला दुमका के समीर सौरभ पिता - अवकाश प्राप्त सूबेदार/कैप्टन गणेश मंडल और माता - कंचन देवी (गृहणी) वर्त्तमान में जरूवाडीह, कमारपाड़ा निवासी ने वर्तमान में रेलवे के आईओडब्लू में कनिय अभियंता के पद पर प्रशिक्षण
प्राप्त करते हुए बिहार लोक सेवा आयोग में 14 जुलाई 2021 को सहायक अभियंता के पद पर अपने प्रथम प्रयास में ही बिना किसी कोचिंग किए स्वयं के ही तैयारी के जरिए सफलता का परचम लहराया। अपने माता-पिता की एकमात्र संतान समीर सौरभ की मैट्रिकुलेशन आर्मी स्कूल बबीना कैंट झांसी से हुई। इसके बाद इन्होंने इंटर डीपीएस रांची और एमटेक (सिविल) जमशेदपुर से पूरा किया। समीर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरु को दिया। साथ ही सभी परीक्षार्थियों को कड़ी मेहनत और लगन के साथ अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है और मेहनत से ही हर मंजिल हासिल की जा सकती है। इनके इस सफलता से इनके परिवार और गांव में खुशी का माहौल है।

### पंचायत के प्रत्येक गांव में पानी को शुद्ध करना अपना लक्ष्य

**हजारीबाग।** जिला के केरेडारी प्रखंड तहत बरीयातू पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन की ओर से जल जीवन मिशन के तहत जल सहिया चंपा देवी ने गांव के प्रत्येक समुदायक कुएं में ब्लांचिंग पाउडर डाली और उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तौर पर चलाया गया। यह मिशन जल संबंधी समस्याओं का समाधान करेगा। साथ ही बीमारियों से बचाने में भी मदद करेगा। शुद्ध पानी के मिलने से लोगों की सेहत भी सुधरेगी। कोशिश हो बोरिंग या चापाकल का पानी उपयोग करें।मुखिया रामेश्वर साव ने कहा जल ही जीवन है। जल के बिना कुछ नहीं इस मौके पर अशोक बंटी राज ने कहा जल को शुद्ध करने के लिए बिलाचिंग पाउडर डाला जा रहा है। क्योंकि बरसात होने से पानी कुआं में भर जाता है और कचरा मिश्रित हो जाता है। इसलिए पानी को उबालकर पिए। और दूषित पानी को होने से बचाएं।

## कांग्रेस के नेताओं ने अपनी मांगों को लेकर झारखंड सरकार के मंत्रियों से मिले

हजारीबाग।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर मंत्रियों से मिल उनके समक्ष रखा। विभाग के चेयरमैन अभिलाष साहू के नेतृत्व में प्रदेश महासचिव डॉ प्रकाश कुमार एवं प्रदेश व जिला के पदाधिकारियों ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से मिले नेताओं ने मंत्री से झारखंड में पिछड़ी जातियों को 27% आरक्षण अविलंब लागू कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। डॉ प्रकाश कुमार ने मंत्रियों को बताया कि 1990 में केंद्र की वीपी सिंह की सरकार ने मंडल कमीशन की सिफारिश को लागू करते हुए पूरे देश में पिछड़ी जातियों के लिए 27% आरक्षण लागू किया था। झारखंड और बिहार उस समय एकीकृत था और केंद्र की तर्ज पर यहां पे पिछड़ी जातियों के लिए 27% आरक्षण लागू किया गया था। पर वर्ष 2000 में झारखंड के अलग राज्य बनने के पश्चात भाजपा की सरकार ने पिछड़ी जातियों के 27% आरक्षण को घटाकर 14% कर आया था। विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में कांग्रेस ने पिछड़ी जातियों के साथ हुए अन्याय को सुधार कर आरक्षण को 27% कराने की बात कही थी। मंत्रियों से मिलकर मांग करने वालों में परवेज आलम, धर्मेंद्र सोनकर, राजेश्वर यादव, अजय साहू, रूपेश कुमार, अश्वनी कुमार आनंद, बोकारो अध्यक्ष उमेश गुप्ता, चाईबासा अध्यक्ष चंद्रशेखर दास समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

### जहरीले जीव के काटने से महिला की स्थिति हुई गंभीर

**हजारीबाग।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बंडासिंघा में जहरीले जीव के काटने से महिला की स्थिति गंभीर हो गई। जहरीले जीव के काटने से सविता देवी 58 वर्ष पति बुधन ठाकुर की स्थिति गंभीर हो गई। जिसे इलाज के लिए बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# विज्ञान में विशाल व वाणिज्य में आकांक्षा-अपूर्व्या जिला टापर

दुमका/संवाददाता।

सीबीएसई 12 वीं कक्षा के लिए जारी परीक्षा परिणाम में सिदो कान्हु सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने बाजी मारी है। विज्ञान संकाय के छात्र विशाल हिम्मतसिंहका 95 फीसद अंक लाकर जिला टापर बने। दूसरे पायदान पर इसी स्कूल के आयुष हिम्मतसिंहका और साईं टेक स्कूल की छात्रा महिमा गुप्ता ने 94.4 फीसद अंक हासिल किया है। इसी स्कूल के वाणिज्य संकाय में आकांक्षा कुमारी एवं अपूर्वा झा ने 93.2 फीसद अंक हासिल किया है। इस वर्ष इस स्कूल से विज्ञान संकाय में 56 एवं वाणिज्य में 41 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई थीं। छात्रों की सफलता पर सचिव प्रदीप्त मुखर्जी, निदेशिका सुनिता मुखर्जी, प्राचार्य लीलाचल भंडारी, एचआर रोदोशी मुखर्जी ने बधाई दी है। इसके अलावा शिक्षक देवप्रिय मुखर्जी बृजेश कुमार शुक्ला, मिथिलेश ठाकुर, अभिषेक राज, सुमित सर्राफ, गौतम कुमार, रामबिदु राय, अमित साधु, रातुल सान्याल, उत्तम कुमार गुप्ता, इंद्रजीत भगत, अभय आनंद ने इनके बेहतर भविष्य की कामना की है।

- **सिदो-कान्हु सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विज्ञान संकाय के अव्वल छात्र**

छात्र का नाम - प्राप्तांक
विशाल हिम्मतसिंहका - 95 फीसद
आयुष हिम्मतसिंहका - 94.40 फीसद
हर्षित आनंद - 92.80 फीसद
रोहित राज - 92 फीसद
गितिका प्रेम - 91.20 फीसद
आयुषी मिश्रा - 86.80 फीसद
सिमरन कौर - 85.80 फीसद

- **वाणिज्य संकाय के अव्वल छात्र**

नाम - प्राप्तांक
आकांक्षा कुमारी - 93.20
अपूर्व्या झा - 93.20
निर्भय हरनानी - 93
निर्मल हरनानी - 91.20
अंकित कुमार कलंका - 89
स्वास्तिका भूमि - 84.40
सुमित कुमार - 84

### साईं टेक की महिमा बनीं स्कूल टापर

**दुमका।** दुमका के दुधानी स्थित साई टेक अकादमी के छात्रा-छात्राओं ने एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन किया है।छात्रा महिमा गुप्ता ने विज्ञान संकाय में सर्वाधिक 94.4 अंक लाकर टापर बनी है। रिया यादव 93.6 फीसद, अभिजीत आनंद 92.8 फीसद अंक लाकर दूसरे एवं तीसरे स्थान पर हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत है। 10 अव्वल छात्र-छात्राओं में अर्पिता 92.2 फीसद के साथ चौथे, अदित्या राज 89.6, सौम्या सिन्हा 88.2, आद्या झा 87.6, श्रेया राज 87.4, प्रांत कुमार दास 85.8 तथा मिमांसा चौरसिया 85.2 अंको के साथ क्रमशः पांचवें, छठे, सातवें, आठवें, नौवें, तथा दसवें स्थान पर हैं। परिणाम पर विद्यालय के निदेशक मार्तंड मिश्रा ने खुशी व्यक्त करते हुए बच्चे तथा अभिभावकों को शुभकामनाएं दी है। इसके अलावा शिक्षिका अभिलाषा मिश्रा, राजीव झा, तुषार हरनानी, रविकांत बिट्टू, श्रुति दुबे, राबिन राज एवं मनीष कुमार ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### विज्ञान में छात्र व कला में छात्राओं का दबदबा

- **साइंस में 93.2 प्रतिशत के साथ निशा, तो आर्ट्स में शांति 88.4 प्रतिशत के साथ स्कूल टापर**

**दुमका।** सीबीएसइ द्वारा शुक्रवार को जारी 12 वीं की रिजल्ट में जवाहर नवोदय विद्यालय हंसडीहा के छात्राओं ने आर्ट्स में लड़कों को पीछे छोड़ दिया तो लड़कों ने साइंस में परचम लहराया है। हंसडीहा नवोदय के सभी छात्र इस बार प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की है। सीबीएसइ ने इस बार मेरिट लिस्ट के आधार पर रिजल्ट की घोषणा की है। बोर्ड की ओर से कहा गया है कि जो बच्चे अपने रिजल्ट से संतुष्ट नहीं हैं और परीक्षा देना चाहते हैं उनके लिए बोर्ड अलग से तारीखों का एलान होगा। प्राचार्य के.केरकट्टा परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

» नवोदय विद्यालय हंसडीहा के टापर

1. निशा कुमारी - 93.2
2. प्रतिमा - 92.6
3. रूपेश मंडल - 89.4
4. आलोक मुर्मू - 88.6
5. गौरव कुमार रंजन - 85
6. नवनीत कुमार - 80.8
7. अंजलि कुमारी - 80.6
8. कुंदन मंडल - 78
9. रिया टुडू - 77.2
10. राकेश किस्कू - 76.2

» कला टाप टेन की सूची

1. शांति हेम्ब्रम - 88.4
2. अनिशा मुर्मू - 88
3. आकांक्षा कुमारी - 85.8
4. खुशी प्रिया - 85.2
5. भारती - 84
6. इम्तियाज हुसैन - 83.6
7. पायल कुमारी - 83
8. ज्योति सोरेन - 83
9. सुमन मुर्मू - 82.5
10. विक्रम किस्कू - 82.4

### शत-प्रतिशत रहा एसएस विद्या विहार का नतीजा

सीबीएसइ 12 वीं की परीक्षा में एसएस विद्या विहार दुमका के छात्रों ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। परीक्षा में 55 विद्यार्थी शामिल हुए थे। यहां सभी छात्र साइंस सकाय के थे। सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यार्थियों के बेहतर परिणाम आने पर स्कूल प्रबंधन ने प्रसन्नता जताई है। स्कूल प्रधानाध्यापक ने चंद्रशेखर मल्लिक ने कहा कि छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। उनके बेहतर भविष्य की कामना है। विद्यालय के सचिव निशांत विक्रम ने कहा कि छात्र भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करें यही कामना है। सभी छात्रों ने प्रथम श्रेणी से पास कर विद्यालय के प्रतिष्ठा को बढ़ाया है।

» एसएस विद्या विहार के साइंस के10 अव्वल परीक्षार्थी

नाम - प्राप्तांक
माधव कुमार झा - 82 फीसद
माधव कुमार - 81 फीसद
प्रसेनजीत कुमार - 78 फीसद
अंशु अमन - 76 फीसद
रिशु कुमार - 75 फीसद
श्रुति चौरसिया - 75 फीसद
अविनाश झा - 73 फीसद
मो.अमानुल्लाह - 73 फीसद
शाहिन कुमार गुप्ता - 73 फीसद
मो. मसूप आलम - 72.6 फीसद

» प्लस टू स्पेक्ट्रम स्कूल के विज्ञान संकाय के टापर

नाम - प्राप्तांक
अदिबा नाजनीन - 92.80
दरकक्षन एआएन - 91
नादिरा कलाम - 90.8
मुकेश मुर्मू - 85.2
प्रियांशु राज - 81.4
नवीन सिंह - 80.4
अभिषेक किस्कू - 78
पाउल कुमार - 76.4
निकिता रानी चौबे - 75.6
एकनिष्ठ किशोर शक्ति - 75

### मसलिया में माल सेन ने मारी बाजी

**मसलिया ।** प्रधानाध्यापक कौशल कुमार ने बताया कि मसलिया प्लस टू उच्च विद्यालय से विज्ञान में कुल 41 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए थे। इसमें 37 प्रथम एवं तीन द्वितीय श्रेणी से पास हुए हैं। कला संकाय में कुल 155 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इसमें प्रथम श्रेणी से 56 एवं द्वितीय श्रेणी से 82 छात्र पास हुए है। कहा कि कुसुमघट्टा के माल सेन एवं मसलिया निवासी तनुश्री दास ने 408 एवं 407 अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

### दुमका में तीनों संकाय का औसत परिणाम 86.88 फीसद

**दुमका।** जैक बोर्ड ने शुक्रवार को 12 वीं का परिणाम जारी कर दिया जिसमें दुमका जिले में विज्ञान संकाय में 84.51 फीसद छात्र सफल हुए हैं। जबकि कला संकाय में 87.53 फीसद एवं वाणिज्य संकाय में 88.62 फीसद छात्र सफल हुए हैं। तीनों संकायों को मिलाकर औसत 86.88 फीसद छात्रों ने सफलता हासिल की है। इस दुमका जिले में विज्ञान संकाय में 2965 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें 1906 छात्र एवं 1059 छात्राएं शामिल थीं। इसमें 933 छात्र एवं 612 छात्राएं प्रथम श्रेणी में सफल हुई हैं। जबकि 665 छात्र व 285 छात्राएं द्वितीय श्रेणी एवं आठ छात्र व तीन छात्राएं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुई हैं। जबकि 290 छात्र व 154 छात्राएं असफल हैं। कला संकाय में कुल 6152 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें 2913 छात्र एवं 3239 छात्राएं हैं। इसमें 697 छात्र और 1115 छात्राएं प्रथम श्रेणी में सफल हुई हैं जबकि 1574 छात्र व 1517 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में पास हुई हैं। वहीं तृतीय श्रेणी में 253 छात्र एवं 229 छात्राएं सफलता हासिल की हैं। जबकि 375 छात्र व 367 छात्राएं असफल हुई हैं। वाणिज्य संकाय में 299 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई थीं। इसमें 209 छात्र एवं 90 छात्राएं हैं। वाणिज्य संकाय में 133 छात्र एवं 72 छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई हैं। 43 छात्र एवं 11 छात्राएं द्वितीय श्रेणी एवं छह छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। जबकि 26 छात्र व सात छात्राएं असफल रहे हैं। जिले में छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन पर जैक के क्षेत्रीय कार्यालय दुमका के ओएसडी अश्विनी कुमार ने बेहतर बताते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### इंटर में रामगढ़ की बबली ने हासिल किया प्रथम स्थान

**दुमका।** रामगढ़ स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय की बबली कुमारी ने इंटर कला संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दुष्यंत कुमार सिन्हा ने बताया कि वर्ष 2021 में विद्यालय से 121 छात्र छात्राओं ने इंटर की परीक्षा के लिए फार्म भरा था कोरोना वायरस के कारण परीक्षा नहीं होने के कारण एक आर्मी के आधार पर ही छात्र छात्रों का रिजल्ट जारी किया गया है जिसमें रामगढ़ बाजार के लखनपुर रोड निवासी बबली कुमारी ने 371 अंक प्राप्त करते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। कोमल कुमारी ने 368 अंक लाकर दूसरा, खुशी कुमारी 366 अंक लाकर तीसरा, रेखा कुमारी 356 अंक लाकर चौथा, अनंदिता सरकार 352 अंक लाकर पांचवां, सुलीश मरांडी एवं अजय पंडित 350 अंक लाकर छठा, रीतू कुमारी एवं गौतम कुमार भंडारी -, 349 अंक लाकर सातवां स्थान हासिल किया।

### प्लस टू राजकीयकृत उच्च विद्यालय सरैयाहाट का 99.02

**दुमका।** माध्यमिक परीक्षा में प्लस टू राजकीयकृत उच्च विद्यालय सरैयाहाट का 99.02 प्रतिशत रिजल्ट रहा। विद्यालय से कुल 426 विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें 423 विद्यार्थी सफल हुए। इसमें प्रथम श्रेणी में 298, द्वितीय श्रेणी में 113 एवं तृतीय श्रेणी में तीन तथा मार्जिनल में तीन छात्र छात्राएं शामिल है। वहीं मात्र तीन छात्र फैल हो गए। विद्यालय के टॉप टेन में सिटू कुमार - 449 अंक साहिल अंसारी - 443 साक्षी कुमारी - 442 गौतम कुमार यादव - 442 सत्यम कुमार - 440 शालिनी कुमारी - 438 संदीप कुमार - 436 पांडव मांझी - 435 भागीरथ कुमार - 433 ऋषु कुमार - 432 धनंजय ठाकुर - 431 ब्रजमोहन गंधर्व - 431अंक

# सीबीएसई बारहवीं परीक्षा में एंजेल्स हाई स्कूल का लगातार पाँचवी बार शानदार प्रदर्शन

## परीक्षा में शामिल स्कूल के 128 विद्यार्थी शत-प्रतिशत प्रथम श्रेणी से हुए उत्तीर्ण

**हजारीबाग।**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 12वीं के स्टूडेंट्स के नतीजे शुक्रवार को निर्धारित समय पर बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट के जरिए जारी कर दिया गया। सीबीएसई ने इस साल कोरोना महामारी के कारण 12वीं की परीक्षा रद्द कर दी थी। इस वजह से 12वीं का रिजल्ट बोर्ड की तय की गई ऑब्जेक्टिव एसेसमेंट स्कीम के आधार पर जारी किया गया। हजारीबाग- बडकागाँव रोड के शंकरपुर स्थित एंजेल्स हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बारहवीं परीक्षा परिणाम में लगातार पाँचवी बार शानदार प्रदर्शन कर स्कूल व जिले का नाम रौशन किया। स्कूल के छात्र पियूष कुमार अग्रवाल और छात्रा साक्षी गर्ग ने विज्ञान संकाय में 97.4. प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर होने का गर्व हासिल किया, वहीं वाणिज्य संकाय में प्राची अग्रवाल 96.8 और छात्र तंशु अग्रवाल ने 96.6 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर होने का गर्व हासिल किया। वहीं कला संकाय में साक्षी जैन 96.2 प्रतिशत और प्रियंका कुमारी 96 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर होने का गौरव हासिल किया। ज्ञात है की वर्तमान वर्ष परीक्षा में स्कूल के कुल 128 विद्याथियों ने भाग लिया था। जिसमें विज्ञान संकाय में 57, वाणिज्य संकाय में 45 विद्यार्थी तथा कला संकाय 26 विद्याथियो ने शामिल हुए। जिसमे सभी शत- प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से सफलता हासिल कर यह सिद्ध कर दिया की स्कूल प्रबंधन और शिक्षक- शिक्षिकाओं के शिक्षण- शैली में सफलता दिलाने की सर्वोच्च छमता विद्यमान है। स्कूल के 42 विद्यार्थी 90 प्रतिशत, 60 विद्यार्थी 80- 90 प्रतिशत और 26 विद्यार्थी 70- 80 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण हुए। स्कूल का औसत प्रतिशत 85.2% रहा जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। स्कूल के बेहतर प्रदर्शन करने वाले अन्य छात्र/ छात्रा विज्ञान संकाय में वाणी कुमारी 96.4%, निष्ठा मेहता 95.8 %, इन्दु रानी 95.4 %, नैन्सी प्रिया 95.2 %, वाणिज्य संकाय में अर्चना मेहता 96.4%, प्राची प्रग्या 95.4.%, संजना कश्यप 95.2 %, साफिया फातिमा 94.6 % और कला संकाय मे अन्नू श्रुति 95.8.%, स्वर्णलाता 95.8 %, तनिष्का अग्रवाल 95 % , श्रेष्ठा जायसवाल 94.4 % अंक लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ।रिजल्ट पर स्कूल की निदेशिका निशा जायसवाल ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है साथ ही कहा की यह रिजल्ट हमारे उम्मीद के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर फिजिकली एग्जाम होता तो हमारे स्कूल के प्रतिभावान छात्र ओर बेहतर प्रदर्शन करते। सीबीएसई 10 वीं की परीक्षा 2019 का स्टेट टॉपर पीयूष कुमार अग्रवाल भी इस परीक्षा में शामिल था और अगर शारीरिक रूप से परीक्षा होती तो ऐसे प्रतिभावान छात्र निश्चित रूप से और बेहतर रिजल्ट लाते और स्कूल, जिला और राज्य का नाम रौशन करते। निशा जयसवाल ने स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के उत्कृष्ट शिक्षणशैली, अभिभावकों के बच्चों के प्रति सचेत ना और छात्र छात्राओं के परिश्रम और मेहनत की भी सराहना की।

# सिक्योरिटी गार्ड का बेटा दीपांशु कुमार 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया प्रखंड का नाम रोशन, प्रशासनिक सेवा में जाने की जताई इच्छा

## प्रखण्ड में कुल 1549 बच्चे मैट्रिक परीक्षा में हुए थे सम्मिलित जिसमें 1492 बच्चे हुए सफल

**हजारीबाग।**

बड़कागांव प्रखंड के नगड़ी निवासी दीपांशु कुमार मैट्रिक परीक्षा में 462 अंक प्राप्त कर प्रखंड का नाम रौशन किया है। पिता क्षत्रु साव वर्तमान में त्रिवेणी सैनिक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड पर कार्यरत हैं और खेती-बारी कर अपने बेटे को पढ़ा रहे हैं। बेटे की सफलता से परिवार के लोग खुश हैं। जैसे ही पता चला कि दीपांशु ने 92.4 अंक मैट्रिक परीक्षा में प्राप्त किया है परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। माता-पिता ने बेटे का मुंह मीठा कराया। वहीं, दीपांशु ने आगे की पढ़ाई जारी रखते हुए प्रशासनिक क्षेत्र में जाने की बात कही है। पिता क्षत्रु साव ने कहा कि वह अपने बेटे को जितना चाहता है उतना पढ़ायेंगे। बताते चलें कि दीपांशु कुमार ने बड़कागांव प्रखंड के चूरचू स्थित एस एस पब्लिक स्कूल से आठवीं तक की पढ़ाई की है, आठवीं के बाद वह हजारीबाग के संत रॉबर्ट स्कूल से पढ़ाई कर रहे थे। दीपांशु अपने सफलता का श्रेय माता-पिता, अपने शिक्षकों एवं अपनी बड़ी बहन अश्वनी कुमारी को दिया है। बताते चलें कि पिछले वर्ष दीपांशु की बहन अश्वनी कुमारी ने झारखंड बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा एसएस पब्लिक स्कूल चुरचू से ही 87% अंक प्राप्त की थी। दीपांशु की सफलता से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। दीपांशु की सफलता पर उसके पिता क्षत्रु साव व परिवार के लोगों ने मुंह मीठा कर खुशी बांटी। वहीं बड़कागांव के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम साहू ने जानकारी दी की प्रखंड में कुल 1549 विद्यार्थी मैट्रिक की परीक्षा में भाग लिए थे जिसमें 1492 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं, नापो से सुमित्रा कुमारी और हेमंत कुमार 90.2 प्रतिशत लाकर प्रखंड का नाम रोशन किया है। वहीं, एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह के विस्थापन क्षेत्र में चल रहे एसएस पब्लिक स्कूल चूरुचू के रीतलाल कुमार 85.20, स्नेहा कुमारी 84.80, डोली कुमारी 83.60, मुस्कान कुमारी 83.60, लक्ष्मी कुमारी 83.80 और पूजा कुमारी 82.80 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय एवं प्रखंड का नाम रोशन किए हैं। बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। बधाई देने वालों में एसएस पब्लिक स्कूल के निदेशक दुलारचंद कुमार गुप्ता, प्रधानाध्यापक संतोष नारायण तिवारी, शिक्षक रितेश कुमार ठाकुर, अजीत कुमार, कुतुब अंसारी, ग्रामीणों में पंकज कुमार, सागर कुमार, अमन कुमार, पत्रकार सज्जाद राही सहित दर्जनों लोग हैं

## संक्षिप्त समाचार

### अधिवक्ता संघ भवन में शोकसभा का आयोजन

**तेनुघाट। संवाददाता ।** तेनुघाट अधिवक्ता संघ भवन में एक शोक सभा संघ के उपाध्यक्ष महादेव राम की अध्यक्षता में की गई। अधिवक्ता संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो ने बताया कि रांची के अधिवक्ता मनोज कुमार झा को तमाड़ में गोली मारकर हत्या कर दी गई। जिसे लेकर अधिवक्ताओं में काफी रोष है। दिवंगत मनोज झा के परिवार को सुरक्षा एवं मुआवजा दिया जाए। हम अधिवक्ताओं की मांग है कि जल्द से जल्द अधिवक्ता प्रोटक्शन एक्ट लागू किया जाए। सरकार अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है। राज्य के अधिवक्ता सुरक्षित नहीं है। अधिवक्ताओं में डर का माहौल है। इसलिए हम अधिवक्तागण अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट की मांग करते हैं। झारखंड बार काउंसिल के निर्देशानुसार आज तेनुघाट के अधिवक्ता गण ने भी अपने आप को आज न्यायिक कार्यों से अलग रखा। सुभाष कटारिया, तेजू करमाली, चन्द्रशेखर प्रसाद, चंदू विश्वकर्मा, अनील कुमार राजू, रविंद्र नाथ बोस, तिलक कुमार, बैजनाथ शर्मा, बीरेंद्र प्रसाद, प्रताप कुमार सहित संघ के अन्य अधिवक्ता ने शोक व्यक्त किया।

### मासिक लोक अदालत आज

**तेनुघाट/खेतको। संवाददाता।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एव बोकारो प्रधान जिला जज प्रदीप कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में शनिवार 31 जूलाई को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मासिक लोक अदालत में बिजली विभाग, उत्पाद विभाग, वन विभाग, बैंक विभाग सहित समझौता के आधार पर छोटे-मोटे अपराधिक मामलों का निष्पादन किया जाएगा। इसके लिए दो बेंच का गठन किया गया है। जिसके पहले बेंच पर जिला जज दितीय गुलाम हैदर, जिला जज चतुर्थ विशाल कुमार एव अधिवक्ता सुभाष कटरियार तथा दुसरे बेंच पर एसीजेएम विशाल गौरव, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी दीपक कुमार साहू एवं अधिवक्ता कुंदन कुमार मौजूद रहेंगे। उक्त बातों की जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम संजीत कुमार चंद्र ने दी।

### लगातार हो रही बारिश से खेतको ठाकुर टोला मे कई मिट्टी के घर गिरे

- बाल बाल बचे लोग

**कथारा ।** कई दिनों से लगातार हो रही बारिश से बेरमो विधानसभा अंतर्गत पेटरवार प्रखंड क्षेत्र के खेतको पंचायत के ठाकुर टोला में शुक्रवार को एक ही जगह कई लोगों का घर गिर गया। जिसमें ललिता देवी पति स्वर्गीय नारायण ठाकुर, केदार ठाकुर एवं विजय ठाकुर का घर शामिल है। इस दौरान कई लोग चोटिल होने से बाल - बाल बच गये नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। वही घर गिरने से घर में रखा सामान नष्ट हो गया है। इन लोगों ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है। वही इस संबंध में पेटरवार अंचलाधिकारी ब्रजेश कुमार को मामले से अवगत कराने पर उन्होंने कहा कि निरीक्षण करने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### कथारा डीएवी का रिजल्ट शत प्रतिशत

**कथारा। संवाददाता।** सीबीएसई 12 वीं की रिजल्ट में कथारा डीएवी ने अपने पिछले रिकॉर्ड को कायम रखते हुए बेहतर प्रदर्शन किया। शुक्रवार को जारी रिजल्ट में विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के 50 बच्चों में सभी सफल रहे। जिसमें सायक नियोगी ने 97 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में टॉपर होने का गौरव हासिल किया। इसी तरह 96 प्रतिशत लाकर प्रतीक गोस्वामी ने दूसरा स्थान हासिल किया। नवनीत कुमार, अनुराग सिंह, जितेंद्र कुमार यादव ने 92 प्रतिशत अंक के साथ सभी तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह अभय कुमार, सभ्यता सिंह, वागीशा सिंह, इकराम इलियास, शिवम कुमार यादव ने 91 प्रतिशत अंक हासिल किया। अंकित कुमार एवं साकेत सिंह ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। 90 प्रतिशत से अधिक 12 विद्यार्थी, 80 से 90 के बीच 32 बच्चें एवं 70 से 80 प्रतिशत अंक के बीच 6 बच्चों ने अपना स्थान बनाया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने छात्रों के शानदार प्रदर्शन के लिए सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को श्रेय दिया है।

### असामाजिक तत्वो ने बांस से लदा वाहन में लगाई आग

**कथारा। संवाददाता।** जारंगडीह दुर्गा मंदिर समीप मुख्य सड़क पर सरिता टेंट हाउस का बांस से लदा वाहन खड़ी थी बीते देर रात्रि असामाजिक तत्वो द्वारा आग लगा दिया आग के लपटे जब निकलने लगी तभी इसकी जानकारी अगल बगल के लोगो को हुई तभी जानकारी मालिक को दिया गया सूचना पर सरिता टेंट के मालिक भागकर दुकान पहुंच लोगो के मदद से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन जब तक आग में काबू पाया गया तब तक अधिकांश बांस जल चुका था साथही वाहन भी जल गया। आग कौन लगाया या किस कारण से लगी कुछ पता नही चल पाया है इसकी जानकारी बोकारो थर्मल पुलिस को दे दी गई है। टेंट मालिक अजय कुमार ने बताया कि आग कोई दुश्मनी के कारण लगा दिया है कौन लगाया जानकारी नही हो पाई है।

### बरसात से जनजीवन अस्त व्यस्त, बिजली की स्थिति बिगड़ी

**पाकुड़। संवाददाता ।** पाकुडिया प्रखंड में गुरुवार देर रात्रि से लगातार बरस रहे मानसूनी बरसात से जनजीवन अस्त ब्यस्त हो चुका है। आसमान काले बादलों से ढंका पड़ा है। वहीं इस दौरान पूरे प्रखंड से बिजली भी नदारद है। ज्ञात हो कि बरसात के कारण सोलर चालित एवं बिजली चलित ग्रामीण पाइपलाइन जलापूर्ति योजना से विगत 16, 17 घंटों से पांच दर्जन से अधिक गांवों के हजारों लोगों को एक बूंद भी पानी नही मिल पाया है। लोग पानी के लिये त्राहि त्राहि कर रहे हैं लेकिन इसकी परवाह किसे है। सब स्टेशन के कर्मी सहित निचले स्तर के जिम्मेवार रहनुमाओं का फोन स्विच ऑफ है । ऐसे में लोग अपनी किस्मत का रोना रोने को मजबूर हैं। ज्ञात हो कि हाल के दिनों में बिजली की स्थिति यहां पूरी तरह से चरमरा गई है। लोगों को सप्ताह भर में बमुश्किल कुछ दिनों ही निर्बाध बिजली मिल पा रही है।

## राधागोविन्द कौशल विकास केंद्र के द्वारा हुई प्लेसमेंट

- स्टूडेंड ट्रेनी पद पर राजन और अनुज का हुआ चयन

**हजारीबाग।** बड़कागाँव ढेंगा स्थित राधागोविन्द कौशल विकास केंद्र में प्रबंधक अरविंद कुमार के नेतृव में प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट में प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। गोंदलपूरा निवासी नरेश कुमार महतो के पुत्र राजन कुमार एवं बड़कागाँव निवासी संजय वर्मा के पुत्र अनुज कुमार का चयन हरियाणा के एक मल्टी नेशनल कंपनी में स्टूडेंट ट्रेनी के पद पर हुआ। इस सफलता पर राजन और अनुज के परिवार का×फी खुश है। अभ्यर्थियों ने सफलता का श्रेय संस्थान के प्रबंधक अरविंद कुमार कुमार को दी। प्रबंधक अरविंद कुमार ने बताया कि स्टूडेंट ट्रेनी में तीन वर्ष का मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा का पढ़ाई के साथ जॉब भी करेंगे जिसमें कंपनी की ओर से पढ़ाई का पूरा खर्च वहन किया जायेगा एवम फ्री खाना, फ्री यूनिफॉर्म, फ्री अध्ययन सामग्री के साथ साथ 10000 प्रति माह छात्रवृत्ति भी दिया जाएगा एवम 2 लाख का मेडिकल इंश्योरेंस तथा 8 लाख का एक्सीडेंटल इंश्योरेन्स भी किया गया। अभ्यर्थियों को प्रति दिन 6घंटा ऑन जॉब ट्रेनिंग तथा 2 घंटा थ्योरी की भी क्लास दिया जाएगा। विगत वर्षो से हमारे संस्थान में प्लेसमेंट का आयोजन होता रहा है और चयन हो कर देश के बड़ी कंपनियों में सेवा दे रहे है। अभ्यर्थियों ने अरविंद कुमार को फोन पर बताया कि विभिन राज्य से 75 लोग इन्टरव्यू में सामिल हुवे थे जिसमे मात्र 6 लोग ही चुना गया जिसने से दो बड़कागांव से है, साथ ही साथ दोनो अभ्यर्थियों ने अरविन्द कुमार के प्रति आभार प्रकट किया ।चयनित अभ्यर्थियों को पॉलिटिकल साइंस स्कैनर के लेखक बिपिन कुमार ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। लेखक ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित कौशल विकास योजना का लाभ विद्यार्थियों को जरूर लेनी चाहिए ।इस योजना का उद्देश्य कौशल क्षमता को बढ़ाना और जॉब व इंटरव्यू हेतु लोगों को तैयार करना है। यह योजना सरकार द्वारा निःशुल्क के साथ लाभुक को प्रोत्साहन राशि भी उपलब्ध कराती है।

## कार्ड बनाने हेतु दिशा-निर्देश जारी

**हजारीबाग।** महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड द्वारा राज्य के दिव्यांगजनों को यू.डी.आई.डी (यूनीक डिसेबिलिटी आई.डी)कार्ड बनाने हेतु मार्गदर्शिका तैयार की गई है।

इस मार्गदर्शिका के आलोक में उप विकास आयुक्त अभय कुमार सिन्हा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारियों को हजारीबाग जिलांतर्गत प्रखंड/ परियोजना स्तर से जिन दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत है,उनका यू.डी.आई.डी कार्ड बनाने की दिशा में उन्हें चिन्हित करते हुए विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त करने तथा उनका सत्यापन कर जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग हजारीबाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारी अपने प्रखंड/ अंचल से संबंधित प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची के साथ सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग को हस्तगत करे तथा सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग को प्राप्त सूची के साथ प्रमाण पत्रों का मिलान करने सहित आवेदन पत्रों में भरी हुई सूचना तथा संलग्न प्रमाण पत्रों का मिलन करने का निर्देश दिया. ज्ञातव्य है कि कार्य की महत्ता को देखते हुए पेंशन योजना से जुड़े शत-प्रतिशत दिव्यांगजनों एवं उसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों के कम स कम 90 प्रतिशत संख्या से अगले एक माह में आवेदन प्राप्त कर उसका डिजिटाईजेशन पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

## एनटीपीसी केरेडारी के द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**हजारीबाग।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना की तरफ से केरेडारी प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत पाण्डु के अम्बेडकर टोला में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस चिकित्सा शिविर में कुल 72 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाएं वितरित की, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं परूष शामिल हुए। बदलते मौसम के इस दौर में ज्यादातर लोग वायरल फीवर, सर्दी-खांसी, जोड़ों का दर्द, ब्लडप्रेशर जैसी बीमारियों से ग्रसित लोग गए। एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना की तरफ से चिकित्सा शिविर लगाकर इलाके में जरूरतमंदों की जांच कराते है। डॉ.रेड्डी ने मरीजों का चेकअप करने के साथ उन्हें बदलते मौसम में होने वाली आम बीमारियों से बचाव के उपायों से भी जानकारी दी। एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के अपर महाप्रबंधक सुभाष प्रशाद गुप्ता ने बताया की लगातार ऐसे निःशुल्क चिकित्सा शिविर केरेडारी क्षेत्र के गांवों में समय-समय पर किया जा रहा है। गांव में लगे इस चिकित्सा शिविर के दौरान एनटीपीसी के वरिष्ठ प्रबंधक देव राज, मुकेश कुमार एवं गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## कॉमन सर्विस सेंटर, प्रज्ञा केंद्र एवं जन सेवा केंद्र के माध्यम से किया जा सकेगा ऑनलाइन पंजीकरण

**हजारीबाग।** जिला समाज कल्याण,हजारीबाग एवं आर्टिफिशियल लिंब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (ए.एल.आई.एम.को) के संयुक्त तत्वधान में राष्ट्रीय वायोश्री योजना एवं एडीआईपी योजना के तहत क्रमशः सीनियर सिटीजन एवं दिव्यांग जनों का कॉमन सर्विस सेंटर, प्रज्ञा केंद्र एवं जन सेवा केंद्र द्वारा लाभुकों का पंजीकरण किया जाना है इस संबंध में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा ने बताया कि इस योजना के तहत जरूरतमंद सीनियर सिटीजन एवं दिव्यांग जनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग और यंत्र दिया जाएगो इस योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों तक पहुंचे इसके लिए सभी प्रखंडों में बीडीओ, सीओ एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को इन योजनाओं के वृहद प्रचार- प्रसार के लिए कैंप का आयोजन कर संबंधित लाभुकों का प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से पंजीकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया है, उन्होंने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को सेविका के माध्यम से प्रचार प्रसार करते हुए शत-प्रतिशत लाभुकों का पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है. ज़लि के सीनियर सिटीजन को आय प्रमाण पत्र या ग्राम सभा, प्रधान, मुखिया विधायक, सांसद द्वारा प्रतिमाह 15000 से कम आय का घोषणा पत्र देना होगा, साथ ही राशन कार्ड, ओल्ड एज पेंशन कार्ड, आधार कार्ड एवं वोटर आईडी कार्ड की प्रति संलग्न करनी होगी।

दिव्यांग जनों के लिए अहर्ता. दिव्यांगजन अपने दिव्यांगता दिखाते हुए एक फोटो, सिविल सर्जन कार्यालय से प्राप्त दिव्यांग का प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र या ग्राम प्रधान, मुखिया, विधायक, सांसद द्वारा प्रतिमाह 15000 से कम आय का घोषणा पत्र के साथ राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन के आदेशों की प्रति, आधार कार्ड एवं वोटर आईडी कार्ड की कॉपी ऑनलाइन के माध्यम से संलग्न करनी होगी. जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने आगे बताया कि भारत सरकार के उपक्रम भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, भुवनेश्वर के माध्यम से सभी उपकरणों की आपूर्ति की जाएगी।

## भारतीय जनता पार्टी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी

**दुमका।** हजारीबाग निवासी उत्तम आनंद जो धनबाद कोर्ट में डिस्टिक एंड एडीशनल सेशन जज अष्टम के पद पर कार्यरत थे. इन्हें सुनियोजित षड्यंत्र के तहत इनकी हत्या की गई भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल शिवपुरी स्थित उनके आवास में जाकर इनके पिताजी से मुलाकात किया एवं घटना की विस्तृत जानकारी ली और इस दुख की घड़ी में भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता आपके परिवार के साथ खड़ा है तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी के नेता टोनी जैन के कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया. न्यायाधीश उत्तम आनंद के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया इस शोक सभा में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुमन कुमार पप्पू टोनी जैन आदित्य कुमार वर्मा प्रियंवदा नारद पांडे भरत कुमार साहू अजय कुमार सिन्हा सोनू गुप्ता अनिल सिन्हा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे 2 मिनट का कार्यकर्ताओं के द्वारा आत्मा की शांति के लिए मौन भी रखा गया एवं सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से झारखंड की सरकार से मांग किया गया. कि न्यायाधीश उत्तम आनंद कि जिस प्रकार षड्यंत्र रच कर हत्या की गई है. उसका पर्दाफाश हो और दोषियों को कठोर से कठोर सजा देने की मांग भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया. अगर जल्द इस केस का निष्पादन नहीं किया गया तो भारतीय जनता पार्टी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इस घटना से अवगत करवाया जाएगा।

## न्यायाधीश उत्तम आंनद के साजिश के तहत न्यायाधीशहत्या पर समाजसेवी चंद्रप्रकाश जैन ने रखीं सीबीआई जांच की मांग

**हजारीबाग।** धनबाद में एक ऐसी घटना घटी जिसके सीसीटीवी के माध्यम से खुलासा हुआ है जिससे पूरे भारत में इस घटना को लेकर कोहराम मच गया है। धनबाद जिला के न्यायाधीश उत्तम आनंद का दिन बुधवार को सड़क दुर्घटना के हादसे के क्रम में मृत्यु हो जाती है। बल्कि एक हादसा नहीं सोची समझी साज़शि होती है जो अब सीसीटीवी फुटेज सिद्ध कर रहा है। जिसकों लेकर जनप्रतिनिधिगण एवं समाजसेवीगण के द्वारा न्यायाधीश उत्तम आनंद को न्यायिक जांच की गुहार लगाईं जा रहीं हैं। इसी कड़ी में कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी के भूतपूर्व सचिव व वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि बडा ही दुर्भाग्य की बात है न्यायिक अधिकारी को इस प्रकार साजिश के तहत हत्या कुव्यवस्था का प्रतीत कर रहा है। जब न्यायिक अधिकारी ही सुरक्षित नहीं है तो आम नागरिक कैसे राज्य में सुरक्षित हो सकतें है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज से लग रहा है कि यह सुनियोजित साजिश है, फुटेज में साफ दिख रहा है कि सड़क किनारे चल रहे जज को ऑटो ने जानबूझकर टक्कर मारी है। उन्होंने सरकार से इस घटना को लेकर सीबीआई जांच करवाने की मांग रखी हैं।

## इंटक ने किया गदोखर मुख्य पथ का निर्माण करवाने की मांग

**हजारीबाग।** कांग्रेस नेता सह इंटक प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष साजिद अली खान में गदोखर पंचायत का दौरा कर पंचायत के विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए ग्रामीणों से मिलकर सभी प्रकार के समस्याओं का निवारण के लिए संबंधित पदाधिकारी से मिलकर करवाने का आश्वासन दिया साथ ही साथ इस भ्रमण के दौरान गदोखर के मुख्य पथ की जर्जर स्थिति को देखते हुए चिंता जाहिर की और कहा कि इस संदर्भ में शीघ्र ही ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल संबंधित पदाधिकारियों से मिलकर उक्त सड़क का निर्माण कार्य करवाने का प्रयास करूंगा।

# राज्य की गिरती कानून व्यवस्था के खिलाफ भाजयुमो ने फूंका सीएम का पुतला

- **झारखंड में आम आदमी से लेकर पत्रकार वकील नेता जब आप कोई सुरक्षित नहीं है : बाबूलाल मरांडी**
- **राज्य सरकार इस हत्या की जांच अविलंब सीबीआई से कराने की अनुशंसा करें : मनीष जायसवाल**
- **राज्य की गिरती अर्थव्यवस्था से झारखंड की जनता त्रस्त है: जेपी पटेल**

**हजारीबाग।**

झंडा चौक स्थित भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विकास सिन्हा की अध्यक्षता में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका गया बता दें कि धनबाद के एडीजे के पद पर कार्यरत हजारीबाग शिवपुरी निवासी उत्तम आनंद की मौत एवं झारखंड की गिरती अर्थव्यवस्था के खिलाफ पुतला दहन किया गया. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में गुनहगारों को सजा सुनाने वाले न्यायाधीश ही सुरक्षित नहीं तो आम नागरिकों की क्या स्थिति होगी ये जनता अनुभव कर रही है। हेमंत सरकार गठन से ही बलात्कार, हत्या, नक्सली गतिविधियों में सक्रिय लोगों, अपराधियों, दलालों का चहुंमुखी विकास हुआ है। सीसीटीवी फूटेज से यह स्पष्ट तौर पर हत्या का मामला दिखता है। लगता है झारखंड में आम आदमी से लेकर, पत्रकार, वकील, नेता, जज कोई भी सुरक्षित नहीं है ।सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि झारखण्ड में अब कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज बची नहीं है, जब एक न्यायाधीश ही सुरक्षित नहीं तो राज्य की सवा तीन करोड़ जनता का क्या होगा? मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बिना विलम्ब इस मामले की जाँच उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के नेतृत्व में एसआईटी से कराने का आदेश दीजिए। सीबीआई से कराने की अनुशंसा करे. मांडू विधायक जे पी पटेल ने कहा कि राज्य की गिरती अर्थव्यवस्था झारखंड की जनता त्रस्त है। प्रतिदिन राज्य में कोई ना कोई अपराध हो रहा है। राज्य के जज सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी कैसे सुरक्षित हो सकते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार जब से आई है जनता पूरी तरह ट्रस्ट है युवाओं को रोजगार नहीं मिल रही जैसे अन्य कई चीजों पर उन्होंने अब तक लगाम लगाए रखा है जिससे जनता पूरी तरह दुख में है. भाजयुमो जिला अध्यक्ष विकास सिन्हा ने कहा कि हेमंत सरकार बनने के बाद से राज्य में अपराध का ग्राफ काफी बढ़ गया है नक्सलियों और अपराधियों का मनोबल काफी ऊंचा है जिससे आए झारखंड में संगीन अपराध की घटनाएं सामने आ रही है। मौके पर भाजयुमो प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष सोनी, सदर विधानसभा प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर, भाजपा नगर पश्चिमी अध्यक्ष विवेक बरियार, अनिल मिश्रा, अविनाश कुमार, आदित्य शरद, जितेंद्र जैन, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष विक्रमादित्य, शिवपाल यादव, अतिश सिंह, भाजयुमो महामंत्री आशीष गुप्ता,निशिकांत सिंह, भाजयुमो जिला मंत्री राजकरण पांडे, भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी रितेश खण्डेलवाल, राहुल केशरी, सोशल मीडिया प्रभारी शैलेश चंद्रवंशी, आईटी सेल प्रभारी श्वेता राणा, खेल एवं खेल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मणिकांत सिंह सहसंयोजक आशेष कुमार सिन्हा, भाजयुमो नगर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह, महामंत्री पवन कुमार, महामंत्री पंकज गुप्ता, उपाध्यक्ष तरुण कुमार कसेरा रौनक कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता गण उपस्थित थे.

# ... तो क्रैश हो जाएंगे सारे कंप्यूटर?

**कंप्यूटर** सॉफ्टवेयर के हिसाब ठीक से न कर पाने की वजह से 2038 में दुनियाभर के कंप्यूटर क्रैश हो जाएंगे? यह दावा कुछ कंप्यूटर प्रोग्रामर्स ने किया है। उनकी माने तो 19 जनवरी, 2038 को ग्रीनिच मान समय के मुताबिक सुबह 3 बजकर 14 मिनट और 7 सेकेंड पर सारे कंप्यूटर क्रैश हो जाएंगे। उनका अनुमान है कि एक जनवरी, 1970 के बाद से सेकेंड की संख्या कंप्यूटरों के अंदर स्टोर एक अहम अधिकतम संख्या को पार करेगी। कई कंप्यूटर कई तरह की गड़बड़ियों के शिकार हो सकते हैं। इस पर नये सिरे से बहस छिड़ गई है क्योंकि कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर वैज्ञानिकों का कहना है कि 2038 में होने वाली यह घटना मिलेनियम बग से कम नुकसान पहुंचाएगी। हालांकि सवाल यह भी है कि आज के कंप्यूटर 23 साल बाद कितने काम में रहेंगे। आम लोग भले ही कंप्यूटर को बहुत समर्थ मानते हैं। लेकिन क्या ऐसा संभव है कि कंप्यूटर ही नंबरों का हिसाब न कर पाए? 4 जून, 1996 को यूरोपियन एजेंसी का बिना मानव रहित एरियन 5 रॉकेट, चार महंगे सेटेलाइट को लेकर अंतरिक्ष की ओर रवाना हुआ था। लेकिन 39 सेकेंड के बाद ही रॉकेट में धमाका हुआ और वो आग में तब्दील हो गया। यह कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के हिसाब ठीक से न कर पाने की वजह से हुआ। विश्लेषकों की माने तो अगर 248 दिनों को सेकेंड के 100वें हिस्से में गिना जाए तो जो संख्या सामने आती है वो वही 2,147,483, 647 है।

## बड़ी इलायची में समाए चमत्कारी गुण

बड़ी इलायची जहां खाने में स्वाद का काम करती है। वहीं यह हमें कई बीमारियों में निज़ात दिलाने में भी हमारी मदद करती है। खांसी जुकाम हो जाए तो बडी इलायची की चाय या काढा बना के पीने से ठंड से राहत मिलेगी। इलायची का प्रयोग हमारे शरीर कई बीमारियों से छुटकारा दिलाती है। साथ ही बड़ी का प्रयोग करने से आपकी त्वचा में निखार भी आता है।





# कॉपर के अधिक सेवन से अल्जाइमर का खतरा

**मस्तिष्क** को प्रोटीन को कम करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। डिमेंशिया का कारण बनने वाले प्रोटीन को कम करने के लिए मस्तिष्क का संघर्ष। रेड मीट, शेल फिश और सब्जियां भोजन में तांबे के प्रमुख स्रोत। दिमाग के रक्षा करने वाले तंत्र में हस्तक्षेप करता है कॉपर। लंबे समय तक कॉपर का अधिक सेवन करने वाले अब सावधान हो जाए क्योंकि अमरीकी वैज्ञानिकों ने चूहों पर अपने प्रयोग के बाद ताज़ा शोध में यह जानकारी दी कि लंबे समय तक भोजन में कॉपर का अधिक सेवन अल्जाइमर बीमारी की वजह बन सकता है।

नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेस ने कहा कि कॉपर की अधिक मात्रा के कारण मस्तिष्क को उस प्रोटीन को कम करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है जिसे डिमेंशिया का प्रमुख कारण माना जाता है। शोध के निष्कर्ष पर वैज्ञानिकों के बीच बहस जारी है क्योंकि कुछ अन्य शोधों का कहना है कि कॉपर वास्तव में मस्तिष्क की सुरक्षा करता है। रेड मीट, शेल फिश और सब्जियां भोजन में तांबे के प्रमुख स्रोत हैं। कॉपर के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए वैज्ञानिकों ने चूहों पर शोध किया। इस टीम ने पाया कि कॉपर दिमाग के रक्षा करने वाले तंत्र में हस्तक्षेप करता है। जिन चूहों को पानी में घोलकर ज़्यादा कॉपर दिया गया। उनके दिमाग़ की रक्त वाहिनियों में कॉपर की मात्रा बढ़ गई और उनके दिमाग की सक्रियता प्रभावित हुई।

वैज्ञानिकों का कहना है कि दिमाग की झिल्ली के काम करने के तरीके पर असर पड़ा। इसके साथ-साथ चूहों के दिमाग का बीटा एम्लॉयड के उस प्रोटीन से छुटकारा पाना कठिन हो गया, जो डिमेंशिया का प्रमुख कारण है। एल्जाइमर सोसायटी के डॉक्टर डाउग ब्राउन कहते हैं, तांबा शरीर के लिए अहम खनिज है, लोगों को इस शोध को सावधानी के साथ लेना चाहिए और अपने खाने से तांबे को हटाना नहीं चाहिए

# भूख लगने पर ही खाएं



**अक्सर** देखा जाता है कि कुछ लोग भूख न होने पर भी कुछ न कुछ खाते रहते हैं, इस तरह से कुछ न कुछ खाने की आदत आपकी सेहत पर बुरा असर डाल सकती है। में हुए एक रिसर्च में बताया गया है कि भूख न होने पर खाना सेहत के लिए अच्छा नहीं है। वैज्ञानिकों ने इस रिसर्च के लिए स्नातक के 45 छात्रों को शामिल किया। इन छात्रों से सबसे पहले इनके भूख के स्तर की जानकारी ली गई। इसके बाद इन्हें कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन दिया गया।

भोजन की नियमित खुराकें स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव डालती हैं, इसे जानने के लिए रिसर्चर्स ने प्रतिभागियों द्वारा भोजन करने के बाद उनके रक्त शर्करा का स्तर मापा गया। रिसर्च में पाया कि कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन करने के बाद रक्त शर्करा स्तर में वृद्धि हुई।

# मधुमेह रोगियों के लिए सर्वश्रेष्ठ आहार योजना

**मधुमेह** से पीड़ित लोग स्वस्थ खान-पान और जीवन भर हेल्दी डाइट योजना पर अमल कर ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित कर सकते हैं। मधुमेह को रोकने और नियंत्रित करने के लिए कदम उठाते हुए अभाव का कष्ट सहने की जरूरत नहीं है। न ही आपको मिठाई को पूरी तरह छोड़ने की जरूरत है। बल्कि जीवन भर हेल्दी डाइट लेना महत्वपूर्ण है। फाइबर से उच्च और शुगर और फैट में कम और दिल के लिए स्वस्थ आहार मधुमेह प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण होता है। मधुमेह से पीड़ित लोग स्वस्थ खान-पान और दैनिक आहार योजना बनाकर ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित कर सकते हैं।

### मधुमेह नियंत्रण के सुझाव

मधुमेह को नियंत्रण करने के लिए आपको कुछ उपायों पर अमल करना होगा। इसके लिए आपको अपने आहार को छोटे भागों में विभाजित करना होगा। नियमित रूप से अपने सभी आहार को लेने कोशिश करें। इसके अलावा अपने आहार में कार्बोहाइड्रेट, मिनरल और फाइबर से परिपूर्ण खाने की कई आइटम को जोड़ने का प्रयास करें।

**मिथक :** मधुमेह होने पर चीनी बिल्कुल नहीं लेनी है।

**तथ्य:** मधुमेह होने पर चीनी को बिल्कुल नहीं लेना यह हम सभी के दिमाग में बैठा हुआ है। लेकिन अच्छी खबर यह है कि स्वस्थ आहार योजना को ठीक से लागू करने पर आप अपने पसंदीदा खाद्य पदार्थों का आनंद ले सकते हैं। मिठाई को सीमा से दूर रखने की जरूरत नहीं है जब तक यह एक स्वस्थ भोजन योजना का हिस्सा है या व्यायाम के साथ जुड़ा हुआ है।

**मिथक:** हाई प्रोटीन आहार सबसे अच्छा होता है।

**तथ्य:** अध्ययन से पता चला है कि बहुत ज्यादा प्रोटीन, विशेष रूप से पशु प्रोटीन, खाना इंसुलिन प्रतिरोध का कारण बन सकता है। जो वास्तव में मधुमेह का एक महत्वपूर्ण कारक है। संतुलित आहार एक कुंजी है। एक स्वस्थ आहार में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा शामिल होता है। हमारे शरीर को ठीक ढ़ंग से काम करने के लिए तीनों की जरूरत होती है।

**मिथक:** कार्बोहाइड्रेट में कटौती करें।

**तथ्य:** संतुलित आहार खाना सेहत की कुंजी होती है। सर्विंग का साइज और कार्बोहाइड्रेट का प्रकार विशेष रूप से महत्वपूर्ण होता हैं। इसलिए होलग्रेन कार्बोहाइड्रेट पर ध्यान दें क्योंकि यह फाइबर का अच्छा स्रोत होता हैं। आसानी से पच जाता है और रक्त में शुगर के स्तर को सही रखता है।

### दूध का सेवन

दूध कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन का सही संयोजन होता है और यह रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। दैनिक आहार में दूध के दो गिलास पीना एक अच्छा विकल्प है।

### उच्च फाइबर सब्जियां

अपने आहार में उच्च फाइबर सब्जियां जैसे मटर, सेम, ब्रोकोली, पालक और हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करें। इसके अलावा दालें भी एक स्वस्थ विकल्प हैं और इसे आपके आहार का हिस्सा होना चाहिए।

### उच्च फाइबर फल

फाइबर से भरपूर फल जैसे पपीता, सेब, संतरा, नाशपाती और अमरूद का सेवन भी करना चाहिए। आम, केले और अंगूर में शुगर की उच्च मात्रा होने के कारण इन फलों को सेवन कम करना चाहिए।

### कृत्रिम स्वीटनर का कम इस्तेमाल

कृत्रिम स्वीटनर मूल रूप से शुगर से मिलने वाली कैलोरी को कम करता है। इन गोलियों का सेवन एक दिन में 6 गोलियों से कम होना चाहिए क्योंकि ज्यादा लेने से इसके साइड इफेक्ट होने लगते है। हालांकि, संयम एक बेहतर तरीका से जीवित रहने के लिए महत्वपूर्ण होता है। मधुमेह नियंत्रित किया जा सकता है अगर डॉक्टर और रोगी संयोजन के साथ काम करें।





### अतिरिक्त वजन कम करें

यदि आप मोटे हैं, तो मधुमेह की रोकथाम वजन घटाने पर निर्भर हो सकती है। वजन का हर एक किलो कम करना आपके स्वास्थ्य में सुधार कर सकता हैं और आपके लिए आश्चर्यजनक हो सकता है। कम कार्बोहाइड्रेंट आहार और आहार योजना आपको वजन कम करने में मदद कर सकती हैं।

### महत्वपूर्ण है विटामिन डी

हम में से ज्यादातर लोग विटामिन डी को महत्वपूर्ण नहीं समझते हैं। लेकिन यह मधुमेह से लड़ने के लिए महत्वपूर्ण होता है। इसलिए विटामिन डी के स्तर की जांच की जानी चाहिए। कम विटामिन डी मधुमेह का कारण भी हो सकता है। विटामिन डी का सबसे अच्छा स्रोत धूप पड़ना है।

### खाना पकाने की युक्तियां

मधुमेह रोगियों के लिए बिना तेल के खाना बनाना सीखना होगा। परिष्कृत उत्पाद ( चीनी, सफेद आटा, सफेद चावल, फलों का रस आदि) खाना बंद करना होगा। साथ ही प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ खाने बंद करने होगें। इसके अलावा डेयरी उत्पाद खाने और पीने बंद करने होगें।

### मधुमेह रोगियों के लिए आहार योजना

**सुबह जल्दी:** 6-7 बादाम / 1-2 अखरोट।

**नाश्ते में आइटम:** 1 कटोरी ओट्स/ दूध/ 2 अंडे के स्लाइस/मल्टीग्रेन ब्रेड/सब्जियां/दही/टोस्ट।

**सुबह का नाश्ता:** आप पपीता, नारियल और छाछ आदि सहित मौसमी फल जोड़ सकते हैं।

**दोपहर का भोजन:** सलाद, सब्जियां, दाल, चपाती, दही, चावल, पनीर चिकन आदि।

**शाम का नाश्ता:** फल और स्नैक्स जैसे ढोकला, इडली, भुना हुआ नमकीन और मुरमुरा आदि।

**रात का खाना:** मिक्स्ट सब्जियों का सूप। चपाती, सब्जी, दाल/चिकन, हरा सलाद।




# बच्चों पर साइबर बुलिंग का खतरा...

**इंटरनेट** के बिना आज हमारा जीवन अधूरा है और जहां तक आज के बच्चों का सवाल है, उनके लिए इंटरनेट के बिना दुनिया का कोई मतलब ही नहीं है। दुर्भाग्य से आमतौर पर माता-पिता अपने बच्चों की इंटरनेट गतिविधियों को लेकर अधिक जानकारी नहीं रखते हैं। वास्तविक दुनिया की तरह इंटरनेट की दुनिया में भी बच्चे कई तरह के खतरों के प्रति अनजान होते हैं। नार्टन ऑनलाइन फैमिली रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि 79 फीसदी बच्चे नकारात्मक ऑनलाइन स्थिति का सामना करते हैं और 60 फीसदी किसी न किसी रूप में साइबर क्राइम के शिकार हैं। साइबर बुलिंग में गलत अफवाहों का फैलना, धमकी भरे संदेशों का प्रसार और अपमानजनक तस्वीरें पोस्ट किए जाना आदि शामिल हैं। साइबर बुलिंग करने वाला टेक्स मैसेज, ईमेल, इंस्टेंट मैसेज, सोशल नेटवर्किंग मैसेज भेजता है या ब्लॉग, वेब पेज पर या ऑनलाइन गेम प्लेटफार्म पर ऐसी सामग्री पोस्ट करता है, जो दूसरों को परेशान, अपमानित करने या डराने-धमकाने के लिए होती है। तकनीक का लाभ उठाकर वे ऐसे संदेश और सामग्री व्यापक रूप से प्रसारित करते हैं।

### क्या हैं कारण?

साइबर बुलिंग के कारण अक्सर उसी तरह के होते हैं, जो आम तौर से स्कूल परिसरों में दी जाने वाली धौंस-धमकी के होते हैं। मसलन शक्ति का प्रदर्शन करना, बदला लेने की इच्छा या हुए नुकसानों की भरपाई। कोई पीड़ित जब अपना बचाव करने के लिए ऑनलाइन गलत संदेश का प्रसार करता है तो उसे भी साइबर बुलिंग के रूप में देखा जा सकता है। साइबर बुलिंग प्रायः गुमनाम





रहकर की जाती है और इसे बार-बार दोहराया जाता है। यह किसी एक व्यक्ति या ऑनलाइन ग्रुप का काम हो सकता है। दुर्भाग्य से अन्य नकारात्मक ऑनलाइन अनुभवों की तरह साइबर बुलिंग का भी बच्चों पर विपरीत असर पड़ता है।

### प्यार से लाएं राह पर

बच्चों के लिए इंटरनेट का अनुभव सुरक्षित बनाने के लिए उनके माता-पिता की भूमिका महत्वपूर्ण है। आधुनिक माता-पिता उस पहली पीढ़ी के माता-पिता हैं जिन्हें अपने बच्चों को न केवल वास्तविक दुनिया में बल्कि तेजी से विस्तृत होती आभासी दुनिया में भी सुरक्षित रखने के सभी उपाए करने होंगे।

**नकारात्मक अनुभव:** एक रिपोर्ट के मुताबिक विश्वभर के लगभग 62 फीसद बच्चों ने प्रतिक्रिया दी कि ऑनलाइन होने के समय उन्होंने कोई नकारात्मक अनुभव प्राप्त किया। 10 में लगभग 4 के लिए हालांकि ऐसा ऑनलाइन नकारात्मक अनुभव अधिक गंभीर रहा, जैसे कि अजनबियों से कोई अनुचित तस्वीर प्राप्त करना, धमकाया जाना या साइबरक्राइम का शिकार हो जाना। आज प्रत्येक चार में एक भारतीय माता-पिता इस बात से चिंतित हैं कि उनके बच्चे को ऑनलाइन धमकाया जा सकता है।

**कैसे बचाएं बच्चों को:** बच्चों के साथ बेहतर संवाद कायम रखें। बच्चों के साथ तकनीक का सुरक्षित व समुचित उपयोग करने के महत्व के बारे में खुलकर बात करें। बच्चे की इंटरनेट गतिविधियों व सेलफोन इस्तेमाल पर निगाह रखें। देखी गई साइटों पर चर्चा करें और जरूरी हो तो कॉल लॉग भी ब्राउज करें। यदि बच्चे को ऐसा करना दखलंदाजी लगे तो अपने बच्चे की भलाई के लिए वास्तविक सरोकारों पर जोर दें। साइबर बुलिंग के संकेतों को पहचानें। अनेक लक्षण हैं जिन्हें लेकर सचेत रहें, मसलन फ्रस्ट्रेशन या डिप्रेशन, खासतौर से सेलफोन या कंप्यूटर उपयोग करने के बाद ऐसा बर्ताव करना, दोस्तों या रोजमर्रा की सामान्य मनोरंजक गतिविधियों से कट जाना या फिर स्कूल में बच्चे के शैक्षणिक प्रदर्शन में किसी प्रकार की गिरावट दिखाई देना या अरूचि होना आदि।

**सतर्कता जरूरी:** ऑनलाइन पैरेंटिंग, वास्तविक जीवन में पैरेंटिंग से कोई अलग नहीं है। माता-पिता को केवल नियम नहीं बनाने हैं, उन्हें समझना होगा कि उनके बच्चे ऑनलाइन क्या कर रहे हैं और उनके बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर पूरी निगाह रखनी होगी। माता-पिता द्वारा बच्चों को इंटरनेट संबंधी ऐटिकेट की जानकारी देना, सामाजिक कौशल सिखाने के समान ही महत्वपूर्ण है। ऑनलाइन किसी भी अप्रिय स्थिति से रूबरू होने पर भारतीय बच्चे, अपने माता-पिता को बताते हैं, वहीं अभिभावकों को इसके बदले में अपने बच्चों को शिक्षित और सशक्त बनाने हैं।

# पुरुषों के लिए फिट रहने के टिप्स

**फिटनेस** की परिभाषा पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग नहीं होती है। बल्कि शारीरिक फिटनेस शरीर और मस्तिष्क दोनों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। नियमित एक्सरसाइज से न केवल मांसपेशियों में ताकत आती है बल्कि इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में विकास होता हैं, ढलती उम्र धीमी पड़ जाती है और कई अन्य तरह के रोगों से बचाव होता है। इसलिए पुरुषों को फिट रहने के लिए इन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

### आरामफरामोश न बनें

आधुनिक और आराम तलब जीवनशैली के कारण पुरूष 20 साल के बाद ही हृदयघात के खतरों की चपेट में आने लगते हैं। जो लोग आराम तलब जीवन जीते हैं, एक्सरसाइज करने से जी चुराते हैं और जंक व डिब्बा बंद आहार पर जीते



हैं उनमें खराब कोलेस्ट्रोल या निम्न घनत्व वाले लिपोप्रोटीन का स्तर रक्त में हमेशा उच्च रहता है। अपने शरीर में एलडीएल के स्तर को कम करने के लिए नियमित एक्सरसाइज करके एचडीएल के स्तर को उंचा उठाया जा सकता है।

### रक्तचाप सामान्य रखें

जीवन में कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण पैदा हुए निराशा और तनाव के कारण पुरूषों में उच्च रक्तचाप की बीमारी होना एक आम बात हो गई है। नियमित व्यायाम से रक्तचाप के स्तर को सामान्य रखने में मदद मिलती है और इस वजह से हृदयघात और हृदय रोगों के खतरे भी कम हो जाते हैं।

### बढ़ाएं ब्लड सर्कुलेशन

जब आप एक्सारसाइज करते हैं तब शरीर का ब्लड सर्कुलेशन तेज हो जाता है और शरीर में ब्लड की सप्लाई भी अधिक होने लगती है। रक्त धमनी शरीर में ब्लड की जरूरत के अनुसार फैलता और सिकुड़ता रहता है। लेकिन जब अदमी आराम तलबी का जीवन जीने लगता है कोई श्रम या एक्सरसाइज नहीं करता हैं तब उसके रक्त धमनी में कोलेस्ट्रोल जमा होने से रक्त धमनी सिकुड़ जाती है जो अंततः हृदय घात का कारण बनती है।

### बीमारियों के खतरे कम करें


अस्वस्थ जीवनशैली और खानपान में अनियमितता के कारण वर्तमान में डायबिटीज, कैंसर, अर्थराइटिस, हृदय की बीमारियां, पेट की समस्याएं आदि बढ़ रही हैं। इन बीमारियों से बचाव की कोशिश कीजिए। इसके लिए रोज व्यायाम करें और नियमित जांच कराए।

### वजन कम करें

वजन बढ़ने से कई तरह की बीमारियां होने लगती हैं, इसलिए अपने वजन को नियंत्रण में रखें। वजन कम करने से दिल की बीमारियां नहीं होती हैं। इसलिए इसपर काबू पाने के लिए रोज व्यायाम करें और हेल्दी आहार का सेवन करें। पुरुष इन सामान्य सी बातों को ध्यान में रखकर न केवल फिट रह सकते हैं बल्कि बीमारियों से भी बच सकते हैं।

## रेसिपी

### राजमा गलाउटी कबाब



**सामग्री**

3/4 कप सलाईस्ड प्याज, 2 टेबल-स्पून घी, 2 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ अदरक, 1 1/2 टी-स्पून बारीक कटी हुई हरी मिर्च, 1/4 टी-स्पून हल्दी पाउडर, 1/2 कप पनीर, 3/4 कप भिगोए , उबले और हलके मसले हुए राजमा, 1/2 कप उबले , छिले और मसले हुए आलू, 1 टेबल-स्पून कटा हुआ हरा धनिया, नमक स्वादअनुसार, 1/2 टी-स्पून गरम मसाला, 1 टेबल-स्पून तेल

**विधि**

कढ़ाई मे मध्यम आंच पर तेल गरम करें और प्याज़ डालकर उनके सुनहरा होने तक तल लें। तेल सोखने वाले कागज़ पर निकालकर एक तरफ रख दें। पैन में घी गरम करें, अदरक और हरी मिर्च डालकर 30 सेकेन्ड तक भुन लें। तेल छोड़कर, बची हुई सामग्री डालकर 3-4 मिनट तक पका लें। मिश्रण को 5 बराबर भाग में बांट लें और प्रत्येक भाग के चपटे गोल कबाब बना लें। कढ़ाई में मध्यम आंच पर तेल गरम कर लें और कबाब डालकर उनके सुनहरा होने तक तल लें। तेल सोखने वाले कागज़ पर निकालकर गरमा गरम परोसें।

### सान्वा पान्की



**सामग्री**

2 कप सामा , पीसकर मुलायम पाउडर बना हुआ, 1/2 कप राजगीरे का आटा, 4 टेबल-स्पून आरारोट आटा, 2 टेबल-स्पून घी, 1 टी-स्पून ज़ीरा, 3/4 कप खट्टा दही , फेंटा हुआ, सेंधा नमक , स्वादअनुसार, 1 टेबल-स्पून बारीक कटा धनिया, 1 1/2 टी-स्पून अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट, 4 से 6 केले के पत्ते, 150 मि.मी. चौकोर टुकड़ो में कटे हुए, चुपड़ने और पकाने के लिए तेल, **परोसने के लिए:** हरी चटनी, भावनगरी मिर्च

**विधि**

सामे का पाउडर, राजगीरे का आटा, अरारोट आटा, दही, सेंधा नमक, धनिया, अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट, जीरा और 1/2 कप पानी को एक बाउल में डालकर अच्छी तरह से मिलाएं और मुलायम घोल बना लें। ढ़ककर खमीर उठने के लिए 1 घंटा एक तरफ रख दें। केले के पत्तों के एक तरफ को तेल से चुपड़े और एक जगह रख दें। 2 टेबल-स्पून घोल को केले के पत्ते के एक तरफ रखें और पतली परत में फैला लें। पत्ते की दुसरी तरफ को घोल के उपर रखें और मोड़ लें। एक नॉन-स्टिक पैन या तवा गरम करें और पान्की को थोड़े से तेल का प्रयोग कर दोनों तरफ से पान्की के पत्ते से अलग होने तक पका लें। बचे हुए घोल को प्रयोग कर 14 और पान्की बना लें। हरी चटनी और भावनगरी मिर्च के साथ तुरंत परोसें।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136)